



# साधु वेशधारी युवकों ने किया मुख्य आरक्षी पर हमला, केस दर्ज

अयोध्या कार्यालय

- कोतवाली अयोध्या अंतर्गत बाबा ओमप्रकाश दास बैरियर पर पर कर रहा था ड्यूटी

**अमृत विचार।** साधुवेशधारी युवकों ने मामली विवाद में पुलिस के मुख्य आरक्षी पर हमला कर घायल कर दिया। कोतवाली अयोध्या पुलिस एक नामजद व अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर जांच कर रही है।

अमरोहा जिले के आमदा थाने में तैनात मुख्य आरक्षी गांव रहतामाफी थाना डिलारी जनपद मुरादाबाद निवासी तरुण कुमार वर्तमान में यलो जोन सुरक्षा ड्यूटी कर रहा है। पुलिस को दी तहरीर में उसने बताया कि 21 फरवरी को उसकी ड्यूटी बाबा ओमप्रकाश दास बैरियर पर द्वितीय पाली में शाम छह बजे से रात दो बजे तक लगाई गई थी। दोपहर करीब 12:45 बजे वह ड्यूटी रजिस्टर में रवानगी कर लगभग 100 मीटर दूरी पर चाय पीने के लिए रामपथ पर गया था। चाय बनवाने के दौरान एक साधु बनती हुई चाय के बर्तन के पास खड़े होकर जोर-जोर से बातें कर रहा था। जब उन्होंने साधु को बर्तन से दूर हटने के लिए कहा गया, इससे नाराज हो गया एवं फोन द्वारा अपने अन्य साथियों को बुला लिया। कुछ ही देर में बिना नंबर प्लेट की एक एसयूवी पर सवार होकर पांच-सात लोग आए व लाठी-डंडों व चाकू से उन पर हमला कर दिया। आरोपियों में एक प्रबल दास भी था। हमले में घायल होने के कारण वह बेहोश हो गया, जब होश आया तो वह श्रीराम अस्पताल में था। इस संदर्भ में अयोध्या कोतवाल पंकज सिंह ने बताया कि मुख्य आरक्षी की तहरीर पर प्रबल दास समेत अज्ञात पर केस दर्ज किया गया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

# रामनगरी की संस्कृति से रू-ब-रू कराएगा अयोध्या पर्व

अयोध्या कार्यालय।

**इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र दिल्ली में तीन से पांच अप्रैल तक होगा आयोजन**



**अमृत विचार:** अयोध्या की सांस्कृतिक विरासत को वैश्विक स्तर स्थापित कराने के उद्देश्य से दिल्ली के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र में तीन दिवसीय आठवें अयोध्या पर्व का आयोजन होगा। आयोजन तीन से पांच अप्रैल तक होगा। इसमें प्राचीन अयोध्या के 108 प्रमुख स्थलों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। अयोध्या के वर्तमान और भविष्य से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा होगी।

अतीत में 84 कोसी परिक्रमा पथ के साथ अयोध्या के तीर्थ स्थलों के विकास के क्रम को भी इस आयोजन से जुड़ा माना जाता है। दिल्ली में आयोजन के जरिए अयोध्या की धर्म, संस्कृति और संस्कार से जुड़े तमाम कार्यक्रमों का आयोजन होगा। प्रभु श्रीराम और अयोध्या से जुड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम, लोक परंपरा व अवध की संस्कृति से जुड़े विविध आयाम इस तीन दिनी आयोजन मे देखने को मिलेंगे। अवधी व्यंजनों का स्वाद दिल्ली के लुटियंस जोन के लोगों को चखने का अवसर मिलेगा। श्री अयोध्या न्यास से आयोजित होने वाले कार्यक्रम में धर्म, अध्यात्म के साहित्य और संस्कृति से जुडे.कार्यक्रम दिल्ली के लोगों को आकर्षित करते हैं। राजनेताओं, समाजसेवियों के साथ देश भर से प्रतिष्ठित संतों और विद्वानों का जमावड़ा इस कार्यक्रम में होता है। दिल्ली के आयोजन के जरिए विभिन्न प्रांतों के लोगों को अयोध्या की विरासत से परिचित कराने का प्रयास होता है।



अयोध्या पर्व के माध्यम से अयोध्या को वैश्किव स्तर पर प्रतिष्ठित करने का प्रयास आठ साल से अयोध्या पर्व के जरिए किया जा रहा है। दिल्ली में आयोजन का मकसद अयोध्या की धर्म, संस्कृति और संस्कारों से नए परिवेश में दुनिया से परिचित कराना है। इस बार यह आयोजन बेहद खास होगा। अयोध्या में राममंदिर का निर्माण होने से पूरे विश्व की निगाहें अयोध्या पर लगी हुई है। इसलिए इस वर्ष लगने वाली प्रदर्शनी में अयोध्या के 108 प्राचीन स्थानों को शामिल किया जाएगा। **–लल्लू सिंह, पूर्व सांसद अयोध्या व संयोजक अयोध्या पर्व।**

## न्यूज ब्रीफ

### होलिका दहन में दिखेगी सिंधी संस्कृति की झलक: महंत गणेश

**अयोध्या, अमृत विचार :** इस वर्ष होलिका दहन में सिंधी संस्कृति की झलक को दर्शाया जाएगा। ॐ शिवालय परिवार सोमवार 2 मार्च को सिंधी भजनों के साथ होलिका उत्सव शुरू करेगा। ये जानकारी रामनगर कॉलोनी स्थित सिद्धपीठ प्राचीन ॐ शिवालय मन्दिर के महंत गणेश राय दास ने सोमवार को दी उन्होंने बताया कि सिंधी समाज के युवाओं द्वारा डांडिया नृत्य का आयोजन किया जाएगा। होलिका दहन के बाद सिंधी संस्कृति के अनुसार पल्लव साहब द्वारा इस पूरे उत्सव का शुभ समापन किया जाएगा। उन्होंने सभी नगर वासियों से इस उत्सव में सम्मिलित होकर सिंधी संस्कृति से परिचित हो और शिवालय परिवार में विराजमान प्रभु महादेव जी के दर्शन प्राप्त करने की अपील की है।

### त्योहारों को लेकर बैठक 26

**अयोध्या, अमृत विचार :** चार मार्च को होली और स्थानीय चंद्र दर्शन के अनुसार 21 मार्च को ईद-उल-फितर का त्यौहार मनाया जाना संभावित है। पर्वों और त्योहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण संपन्न कराने को लेकर 26 फरवरी को दोपहर ढाई बजे से बैठक होगी। अध्यक्षता डीएम निखिल टी. फुंडे करेंगे। यह जानकारी अपर जिला मजिस्ट्रेट नगर ने दी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर बैठक 24 को

**अयोध्या, अमृत विचार :** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन प्रस्तावित है। इसके मद्देनजर 24 फरवरी को कक्ष संख्या–19 में दोपहर 12 बजे बैठक बुलाई गई है। यह जानकारी जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव रंजिनी शुक्ला ने दी।

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग, सामान जला

**शुजागंज, अयोध्या, अमृत विचार।** रुदौली क्षेत्र के ग्राम पंचायत ऐथर अंतर्गत पर्सियन हरौरा गांव में सोमवार को शॉर्ट सर्किट के कारण स्थानीय निवासी साधुराम के मकान में भीषण आग लग गई। जिससे हजारों रुपये मूल्य का घरेलू सामान जल गया। फायर ब्रिगेड टीम ने ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। पीड़ित ने बताया कि आग में लगभग पांच क्विंटल कुंतल भूसा, एक चारपाई, तीन बोरी गेहूं एवं चार बोरी चावल सहित अन्य घरेलू सामान जल गए। क्षेत्रीय लेखपाल संदीप कुमार ने बताया कि आकलन कर रिपोर्ट तैयार की जाएगी, पीड़ित को नियमानुसार मुआवजा दिलाने का प्रयास किया जाएगा।

# 15 फीसदी से अधिक डाउन निविदा पर होगी कार्यों की विशेष जांच

अयोध्या कार्यालय

**सदन छोड़ने के साथ शुरू हो गई दो पार्षदों के इस्तीफे की चर्चा**



गांधी सभागार में बोर्ड की बैठक में मौजूद महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार, अपर नगर आयुक्त नागेंद्र नाथ, सुमित कुमार, भारत भार्गव, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी गजेंद्र कुमार, सांसद प्रतिनिधि हामिद जाफर मीसम व अन्य।

**अमृत विचार:** नगर निगम में निर्माण अथवा अन्य कार्यों की निविदा 15 फ़ीसदी से अधिक नीचे डाली गई तो कार्य की विशेष जांच कराई जाएगी। यह निर्णय सोमवार को नगर निगम अयोध्या बोर्ड की 11वीं आम बैठक में लिया गया। वहीं बैठक के दौरान घटी एक घटना ने सियासी हलके में हलचल मचा दी। दो पार्षदों के सदन छोड़ने के साथ ही उनके इस्तीफे और देर शाम तक वरिष्ठ पार्षदों द्वारा उन्हें मनाने की चर्चा शुरू हो गई। हालांकि नगर निगम के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश पांडेय ने बताया कि सदन में इस तरह की कोई बात सामने नहीं आई।

मंडलायुक्त कार्यालय स्थित गांधी सभागार में सोमवार दोपहर करीब एक बजे बोर्ड की 11वीं आम बैठक महापौर गिरीशपति त्रिपाठी की अध्यक्षता में शुरू हुई। सूत्रों की मानें तो बैठक शुरू होने के कुछ ही देर बाद दो पार्षद उठे, सादे कागज पर अपना इस्तीफा सौंपा और चले गए, इसमें से एक के भाजपा से तो दूसरा निर्दलीय पार्षद होने की चर्चा रही। लेकिन सब कुछ शांत रहा। हालांकि यह दोनों पार्षद पहले से ही निगम की कार्यप्रणाली से नाराजगी को लेकर चर्चा में रहे हैं। इसलिए भी इस बात बल मिल गया।

बैठक में पार्षदों ने एसबीएम में खरीद-फरोख्त से सहायक नगर आयुक्त का नाम हटाने के साथ ही उनके स्थान पर अपर नगर आयुक्त भारत भार्गव को अध्यक्ष बनाने की मांग रखी। कुछ वार्डों में घटिया क्वालिटी से कार्य कराए जाने, 14 कोसी परिक्रमा मार्ग पर निर्माण के दौरान जलकल की पाइप बार-बार क्षतिग्रस्त होने का भी मुद्दा उठा। जलकल के अधिकारियों को निर्देश दिया गया। बैठक में नगर निगम की गोपनीयता भंग होने का मसला भी उठा। इस पर कड़ा रुख अपनाने का निर्णय लिया गया। पार्षदों के सुझाव पर विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का फैसला किया गया।

डेकोरेटेड विद्युत पोल का भी मसाला चर्चा का विषय बना। नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार ने बताया कि 150 पोल लगाने की जगह चिन्हित कर ली गई है। यदि कहीं लाइट खराब हो तो उसे संस्था के माध्यम से मरम्मत कराया जाएगा। इसके लिए पार्षदों के साथ वेंडर्स की बैठक कराने का निर्णय किया गया। बैठक में उपसभापति राजेश गौड़, सांसद प्रतिनिधि जाफर मीशम, पूर्व उपसभापति जयनारायण सिंह, पार्षद बृजेंद्र सिंह, रामभवन यादव, विशाल पाल, अनिल सिंह, विनय जायसवाल, अभय श्रीवास्तव, अनुज दास, रामचंदर, कृष्ण गोपाल, दीप कुमार, सूर्यकुमार, अंकित तिवारी, चंदन सिंह, संतोष, गरिमा मौर्य, मनीषा यादव, अखिलेश पांडेय, हरिश्चंद्र अग्रहरि आदि शामिल रहे। संचालन अपर आयुक्त सुमित कुमार ने किया।



**वरिष्ठ पार्षदों की ओर से देर शाम तक चला मान-मनौव्वल का दौर**

बोर्ड की बैठक में मौजूद पार्षद।

### जलभराव की समस्या पर काफी नियंत्रण: महापौर

महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने भारतीय प्रबंधन संस्थान लखनऊ के सर्वेक्षण का हवाला देते हुए बताया कि दो लाख श्रद्धालु प्रतिदिन अयोध्या आ रहे हैं। इस कारण दुकानदारों की कमाई में पांच गुना की वृद्धि हुई है। बताया कि जलवानपुरा, जनौरा, मझवा गद्दोपुर समेत अन्य स्थानों पर जल भराव की समस्या पर काफी हद तक नियंत्रण पाया गया है। उन्होंने टॉप टेन स्वच्छता रैंकिंग हासिल करने के लिए जन सहयोग बढ़ाने की पार्षदों एवं अधिकारियों से विशेष अपेक्षा की।

### दो कंपनियों का 15 दिन का काटा भुगतान

नगर निगम को स्वच्छता रैंकिंग में टॉप टेन में लाने के लिए आम नागरिकों का भी सहयोग बढ़ाने के लिए जिम्मेदारों को विशेष प्रशिक्षण देने का निर्णय लिया गया। स्वच्छता से जुड़ी कंपनियों की लापरवाही को देखते हुए कड़ी कार्रवाई का निर्णय लिया गया। नगर आयुक्त ने बताया कि दो कंपनियों का 15 दिन का भुगतान काट दिया गया है। इस मौके पर स्वच्छता के अग्रदूत संत गाडगे की जयंती पर नमन किया गया। रुदौली के अमर बलिदानी देवेश सिंह को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### नगर विधायक को एक घंटे पहले दी सूचना जताई नाराजगी

अयोध्या नगर निगम बोर्ड की बैठक की सूचना नगर विधायक को भी समय से नहीं दी गई। चर्चा है कि बैठक के दौरान एक पार्षद ने ये मुद्दा भी उठाया। बताया जा रहा है कि विधायक को बैठक से एक घंटा पूर्व सूचना का पत्र दिया गया। जबकि पत्र पर तारीख 21 फरवरी की थी। इस पर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता भड़क गये और उन्होंने नगर आयुक्त को फोन कर सख्त नाराजगी भी जताई है। कहा कि उनके पूर्व से कार्यक्रम तय हैं और नगर निगम की महत्वपूर्ण बैठक की सूचना मात्र एक घंटे पहले देना घोर आपत्तिजनक है। उन्होंने लापरवाही बरतने वाले के खिलाफ कार्रवाई करने की भी बात कही।

### रमजान के मद्देनजर सुबह तीन बजे से जलापूर्ति

नगर निगम क्षेत्र में 19 चौराहों पर आपातकालीन परिस्थितियों में सहायता के रिकॉर्ड को देखते हुए इंटेलिजेंट ट्रैफिक मैनेजमेंट स्कीम (आईटीएमएस) की सराहना की गई। ऊदा देवी के नाम पर चौराहे का नामकरण करने, नगर में अंबेडकर प्रतिमा लगाने का भी प्रस्ताव आया। विद्याकुंड, सीताकुंड, दशरथकुंड की सफाई नगर निगम के कर्मियों से करने का भी निर्णय लिया गया। विस्तारीकरण क्षेत्र में ग्राम समाज की जमीन को चिन्हित कर कब्जे में लेने का भी नगर निगम ने प्रस्ताव पास किया। इस मौके पर नगर निगम में आवास दर्ज कराने में हो रहे विलंब को लेकर भी नाराजगी जताई गई। इस मौके पर पेयजल, सफाई तथा विद्यालयों के सुंदरीकरण में कार्यदायी संस्था की ओर से बरती जा रही लापरवाही पर नाराजगी जताई गई। इस दौरान रमजान के मध्य नजर सुबह तीन बजे से 5 :30 बजे तक जलापूर्ति सुनिश्चित करने तथा धार्मिक स्थलों के आसपास सफाई का निर्णय लिया गया। अशफाक उल्ला खान की शहादत को देखते हुए आदमकद प्रतिमा लगवाने की मांग की गई। साकेतपुरी कॉलोनी को नगर निगम को हस्तगत करने का सदन ने अनुमोदन कर दिया।

# कृषि महाविद्यालय में बांट दिए दूसरे प्रश्न पत्र, परीक्षा टली

कुमारगंज, अयोध्या।

- बड़ी लापरवाही के बाद अधिकारी एक-दूसरे पर फोड़ रहे ठीकरा
- एग्रीकल्चर बिजनेस मैनेजमेंट प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं की थी परीक्षा

**अमृत विचार:** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में चल रही सेमेस्टर परीक्षा सोमवार को एक बार फिर कृषि महाविद्यालय के जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के लापरवाही की भेंट चढ़ गई। निर्धारित विषय प्रश्न पत्र की बजाय द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं का प्रश्न पत्र देख परीक्षार्थी हैरान हो गए और कक्ष निरीक्षक से शिकायत की। विश्वविद्यालय प्रशासन ने आनन-फानन प्रथम पाली की परीक्षा निरस्त कर दी। हालांकि अभी उक्त विषय के परीक्षा का दूसरा कार्यक्रम नहीं जारी हो सका है। उधर, दूसरी ओर इस भारी लापरवाही का ठीकरा एक दूसरे पर फोड़ते हुए किनारा कसा जा रहा है।

आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज के अधीन कृषि महाविद्यालय अंतर्गत एग्रीकल्चर बिजनेस मैनेजमेंट प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं की परीक्षा एबीएम-506 (एग्रीकल्चर फूड एंड मार्केटिंग-1) विषय की सुनिश्चित थी, लेकिन परीक्षा कक्ष में मौजूद छात्र-छात्राओं को एबीएम-507 (एग्रीकल्चर फूड एंड मार्केटिंग-2) प्रश्न पत्र वितरित कर दिया गया। सेमेस्टर से अतिरिक्त प्रश्न देख छात्र-छात्राओं ने परीक्षा कक्षा में मौजूद शिक्षकों से शिकायत की। विश्वविद्यालय में अफरा तफरी का माहौल बन गया। विश्वविद्यालय के जिम्मेदार अधिकारियों ने सोमवार की परीक्षा निरस्त कर दी। कृषि अधिष्ठाता डॉ. धीरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि प्रश्न पत्र व्यवस्था की जिम्मेदारी रजिस्ट्रार की होती है। विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. पीएस परमानिक का कहना है कि प्रश्न पत्र से कोई दिक्कत नहीं थी। प्रो. डॉ. महेंद्र सिंह के कहने पर परीक्षा टाली गई है। इस प्रकार से विश्वविद्यालय का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी लगातार हो रही लापरवाही एवं चूक की जिम्मेदारी नहीं ले रहा है। जिसके चलते छात्र-छात्राओं को परीक्षा जैसे महत्वपूर्ण कार्यक्रम में दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है।

### जिले में 64 केंद्रों पर खरीदा जाएगा गेंहू

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिले में 64 केंद्रों पर किसानों से गेंहू खरीदा जाएगा। इसके लिए नोडल अफसर की तैनाती कर दी गई। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को खरीद का नोडल अफसर बनाया गया है। खरीद एक अप्रैल से शुरू होगी। इसके लिए क्रय एजेंसियों की सूची फाइनल किए जाने के साथ ही खरीद केंद्रों की सूची भी तय कर दी गई है। गेंहू खरीद के लिए कुल 64 क्रय केंद्र बनाए गए हैं। इनमें खाद्य विभाग के 17, पीसीएफ के 23, पीसीयू के 11, यूपीएसएस के नौ, मंडी समिति के दो, भारतीय खाद्य निगम के दो केंद्र हैं। तहसीलवार खरीद केंद्रों की संख्या सदर में 20, सोहावल में पांच, मिल्कीपुर में 16, बीकापुर में 16 और रुदौली में सात क्रय केंद्र खोले जाएंगे। डिप्टी आरएमओ धनंजय सिंह ने बताया कि एजेंसियों के साथ ही क्रय केंद्र तय कर दिए गए हैं। अब खरीद केंद्रों के लिए दूसरी व्यवस्थाएं की जा रही है। जिससे इन पर खरीद के दौरान किसानों को कोई दिक्कत न हो।

# दिन का तापमान चढ़ा, रात का तापमान यथावत

अयोध्या कार्यालय

- स्वास्थ्य पर पड़ रहा मौसम में इस बदलाव का असर

**अमृत विचार:** फरवरी का महीना है। बसंत भी है लेकिन मौसम का तापमान अस्थिर है। रात में ठंड और दिन में गर्मी का असर है। इसका स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

जिले में एक फरवरी को अधिकतम तापमान 24.5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 10.5 डिग्री सेल्सियस था। यह लगभग सामान्य था लेकिन इसके बाद तापमान में परिवर्तन एक समान गति से न होकर उतार चढ़ाव के साथ हो रहे हैं। सात फरवरी को अधिकतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस रहा यह सामान्य से एक डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम 10 डिग्री सेल्सियस रहा। सप्ताह भर के बाद तापमान एक बार फिर नीचे आ गया। 14 फरवरी को अधिकतम तापमान में एक बार फिर बढ़ोत्तरी हुई। अधिकतम तापमान 25.5 डिग्री सामान्य से.5 डिग्री ज्यादा व न्यूनतम तापमान 9.5 डिग्री सेल्सियस रहा। यह एक फरवरी के तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से भी कम पर पहुंच गया। दिन का तापमान बढ़ा लेकिन रात का तापमान नीचे गिर गया है। मौसम के इस उतार चढ़ाव ने आम लोगों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाला।

शादी विवाह का मौसम और तापमान में उतार-चढ़ाव से सर्दी, जुकाम, बुखार से पीड़ितों की संख्या बढ़ गई है। बीमार कहते हैं कि इस मौसम का असर यह है कि एक बार सर्दी, जुकाम हुआ तो सप्ताह भर से ज्यादा समय ले ले रहा है। जीवन चर्या प्रभावित हो रही है।

# आईजीआरएस निस्तारण में अयोध्या प्रथम, एसपी देहात को मिला प्रशस्ति-पत्र

**अयोध्या, अमृत विचार।** आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के प्रभावी एवं समयबद्ध निस्तारण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अयोध्या ने जनवरी की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट में प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। इस उपलब्धि पर अपर पुलिस महानिदेशक, लखनऊ जोन प्रवीण कुमार द्वारा जनपद के नोडल अधिकारी आईजीआरएस एवं एसपी देहात बलवंत चौधरी को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया। जारी प्रशस्ति-पत्र में एडीजी ने कहा कि बलवंत चौधरी ने अपने अन्य दायित्वों के साथ आईजीआरएस से संबंधित प्रकरणों का निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया, जिसके परिणामस्वरूप जनपद को यह महत्वपूर्ण उपलब्धि मिली। उन्होंने अधिकारी के कार्यों की सराहना करते हुए विश्वास जताया कि भविष्य में भी वे कर्तव्यों का तत्परता से निर्वहन कर पुलिस विभाग की गरिमा बढ़ाते रहेंगे।



बलवंत चौधरी
एसपी ग्रामीण

# कोर्ट में आरोपी नहीं, प्रेमी साबित हुआ अखंडमणि

अयोध्या कार्यालय।

- लड़की के बयान पर अपहरण और दुष्कर्म के आरोपी को न्यायालय ने किया दोष मुक्त

**अमृत विचार :** पीड़िता के पिता ने जिसके ऊपर अपनी पुत्री के अपहरण और दुष्कर्म का आरोप लगाया था, वह पुत्री का प्रेमी निकला। पुत्री के बयान पर अभियोजन पक्ष की पूरी कहानी बालू की दीवार की तरह ढह गई। असलियत खुलने पर कोर्ट ने आरोपी अखंड पर लगाए गए आरोप से दोष मुक्त कर दिया। फैसला विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट प्रथम निरुपमा विक्रम की अदालत से सोमवार को हुआ।

फौजदारी के अधिवक्ता सुशील कुमार चौबे ने बताया कि घटना की रिपोर्ट गोसाईगंज थाना क्षेत्र के गांव के रहने वाले व्यक्ति ने लिखाई थी। कहा था कि उसकी पुत्री 6 जुलाई 2023 को घर से कहीं चली गई। बाद में पता चला कि उसकी पुत्री को गांव का ही अखंडमणि चौधरी बहला-फुसलाकर भगा ले गया है। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस ने मामले में विवेचना की और आरोप पत्र पॉक्सो, अपहरण तथा दुष्कर्म की धाराओं के तहत अदालत में प्रस्तुत किया। मामला अदालत में पहुंचा तो पीड़िता ने कोर्ट में कहा कि वह अखंडमणि से प्रेम करती थी और शादी करना चाहती थी। उसके घर वाले उसकी शादी दूसरी जगह करना चाहते थे। इसलिए उसे दिल्ली उसकी बुआ के पास भेज दिया। उसने अखंडमणि को फोन करके दिल्ली बुलाया और उसके साथ हरिद्वार घूमने गई। वहां से केदारनाथ ,बद्रीनाथ गए लखनऊ में जाकर कमरा लेकर स्वेच्छा से एक-दूसरे के साथ बतौर पति-पत्नी एक महीने रहे। लखनऊ में ही दोनों ने विवाह कर लिया था। रिपोर्ट दर्ज होने के बाद पुलिस लखनऊ गई अखंड को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस बयान पर कोर्ट ने अखंड को दोष मुक्त कर दिया।

**होली पर्व** | गुजरात, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली से अयोध्या होकर आने वाली ट्रेनों में मारामारी, किसान, कैफियात, साबरमती में पहले से फुल हैं सभी सीटें

# ट्रेनों में सफर मुश्किल, कुछ में नो-रूम तो कुछ की वेटिंग 300 पार

अयोध्या कार्यालय।



**अमृत विचार :** होली के पर्व पर ट्रेनों में सफर करना आसान नहीं है। विशेषकर बाहर नौकरी करने वाले जो लोग त्योहार अपने घर मनाना चाहते हैं, अगर उन्होंने पहले आरक्षण नहीं कराया है तो उनका घर पहुंचना मुश्किल हो गया है। पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, गुजरात से यूपी, बिहार आने वाली ट्रेनों में 03 मार्च तक नो-रूम की स्थिति है। कुछ में 300 के पार वेटिंग चल रही है। हालांकि यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने स्पेशल ट्रेन चलाई है, उनमें हालत यह है कि आरक्षण खुलते ही सीटें फुल हो जा रही हैं। ऐसे में अब जिन लोगों को आरक्षित टिकट नहीं मिल सका है, वे अब तत्काल टिकट अथवा स्पेशल ट्रेन के इंतजार में है।

ट्रेनों में लंबी वेटिंग दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है। कंफर्म सीट न मिलने के कारण लोग परेशान हैं। सबसे ज्यादा परेशानी महिलाओं व बच्चों के साथ घर पहुंचने वालों को है। हाल यह है कि लुधियाना से प्रतिदिन अयोध्या होकर धनबाद जाने वाली किसान एक्सप्रेस, जम्मू से हावड़ा तक जाने वाली जम्मूतवी एक्सप्रेस ट्रेन में होली तक नो-रूम की स्थिति है। यही हाल अहमदाबाद से अयोध्या होकर वाराणसी तक आने-जाने वाली साबरमती एक्सप्रेस, दिल्ली से अयोध्या होकर आजमगढ़ जाने वाले कैफियात एक्सप्रेस, आनंद बिहार-अयोध्या कैंट, मरुधर एक्सप्रेस की भी है।

इसके अलावा अयोध्या होकर आने जाने वाली साप्ताहिक ट्रेनों में टाटा-अमृतसर सुपरफास्ट, कामाख्या-जयपुर, किशनगंज-अजमेर, मुंबई-अयोध्या कैंट, गुवाहाटी-ओखा, मालदा टाउन-दिल्ली, पटना-कोटा समेत अन्य ट्रेनों में वेटिंग 300 पार है। हाल यह है कि स्थानीय लोग बाहर से अपने परिवारीजनों के टिकट के लिए तत्काल टिकट के लिए लाइनों में लग रहे हैं, तो कुछ ई-टिकट के लिए साइबर कैफे व दलालों के भी चक्कर लगा रहे हैं।

बस्ती के विक्रमजोत निवासी विभु पांडेय ने सोमवार को बताया कि उनके चाचा चंडीगढ़ में रहते हैं। होली पर परिवार समेत घर आना चाहते हैं लेकिन टिकट नहीं मिल रहा है। अयोध्या निवासी लालजी वर्मा ने बताया कि उनके बेटे को मुंबई से घर आना है, टिकट न मिलने के कारण वो निराश है। अयोध्या निवासी अनुराग पांडेय ने बताया कि उनके भाई को दिल्ली से घर आना है, टिकट न मिलने पर उसने दोगुना किराया देकर निजी बस में टिकट बुक कराया है।

### कैंट व अयोध्या धाम होकर चलेगी स्पेशल ट्रेन

होली पर्व के अवसर पर यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेलवे ने जोधपुर जंक्शन-गोरखपुर- जोधपुर जंक्शन के लिए साप्ताहिक होली स्पेशल रेलगाड़ी के संचालन की घोषणा की गई है। इस विशेष ट्रेन का लाभ अयोध्या के यात्रियों को भी मिलेगा। गाड़ी संख्या 04829 जोधपुर जंक्शन से गोरखपुर के लिए पांच मार्च से 26 मार्च तक प्रत्येक बृहस्पतिवार को चलेगी। इसका ठहराव अयोध्या कैंट स्टेशन पर 16 .30 से 16 .40 बजे और अयोध्या धाम जंक्शन पर 17 .00 से 17 .05 बजे तक होगा।

> यात्रियों की सुविधा के लिए कई स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। साथ कुछ ट्रेनों में कोच बढ़ाए जा रहे हैं। गोंडा-बस्ती-गोरखपुर, लखनऊ-सुलतानपुर व प्रयागराज मार्ग पर एक दर्जन से ज्यादा स्पेशल ट्रेनें चलेंगी। **–कुलदीप तिवारी, सीनियर डीसीएम।**

# कूटरचित दस्तावेजों से बाइक कराई अपने नाम, केस दर्ज

बीकापुर, अयोध्या।

**अमृत विचार :** न्यायालय के आदेश पर कोतवाली बीकापुर पुलिस ने एक आरोपी के विरुद्ध धोखाधड़ी की धारा में रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के रामपुर जोहन, पूरे मनसा उपाध्याय का पुरवा निवासी सुनील कुमार उपाध्याय की मौत के बाद उनकी बाइक को लेकर विवाद उत्पन्न हुआ है।

रामपुर जोहन निवासी प्रेम कुमारी द्वारा दर्ज की गई शिकायत में बताया गया है कि उनके पति की मौत 3 अगस्त 2021 को हो चुकी है। पति की बाइक उनके पास मौजूद है, जिसके कागजात भी उनके पास है। उन्होंने अभी बाइक किसी को बेची नहीं है। कुछ दिनों बाद पता चला कि कूटरचित दस्तावेजों को तैयार कर उनके जेठ अनिल कुमार उपाध्याय ने उक्त वाहन को अपने नाम करा लिया है। जब मैंने मोबाइल एप पर देखा तो इसकी पुष्टि भी हुई। बताया कि 25 अगस्त 2025 को बीकापुर कोतवाली में शिकायत पत्र दिया गया। कार्रवाई न होने पर 6 सितंबर 2025 को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुख्यमंत्री व अध्यक्ष राज्य महिला आयोग को ऑनलाइन व जनसूचना पोर्टल पर शिकायत की गई। फिर भी मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसके बाद उन्होंने न्यायालय की शरण ली। प्रभारी निरीक्षक अमरेंद्र बहादुर ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज करके विवेचना की जा रही है।

# राम मंदिर में अतिथियों के प्रवेश के लिए बनेंगे अलग द्वार

## 19 मार्च को राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू करेंगी श्रीराम महायंत्र की स्थापना

अयोध्या कार्यालय।



**अमृत विचारः** राम मंदिर में 19 मार्च को नव संवत्सर पर होने वाले श्रीराम महायंत्र स्थापना समेत अन्य कार्यक्रम को सुरक्षा और सुविधा पूर्ण माहौल में संपन्न किया जाएगा। इस बार मंदिर परिसर में आने वाले अतिथि जगद्गुरु रामानंदाचार्य द्वार के स्थान पर अलग द्वार से आएंगे। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट इस योजना को अंतिम स्वरूप देने की तैयारी कर रहा है।

राममंदिर में 22 जनवरी 2024 में भूतल के गर्भगृह में प्राण प्रतिष्ठा के बाद, 5 जून 2025 को प्रथम तल पर श्री राम दरबार की प्रतिष्ठा और 25 नवंबर 2025 को मंदिर के शिखर पर केसरिया ध्वज आरोहण का कार्यक्रम हुआ था। अब 19 मार्च को हिंदी नव वर्ष पर द्वितीय तल के गर्भगृह में श्रीराम महायंत्र की स्थापना होगी। इस बार इस कार्यक्रम को संपन्न करने के लिए राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू आ रही हैं।

वह राममंदिर के क्रॉसिंग 11- जगद्गुरु आदि शंकराचार्य द्वार से परिसर में प्रवेश करेंगी। मंदिर में दर्शन-पूजन का कार्यक्रम संपन्न कर द्वितीय तल पर विधि विधान पूर्व चल रहे स्थापना कार्यक्रम में शामिल होंगी। इस दौरान करीब पांच हजार आमंत्रित विशेष अतिथियों को क्रॉसिंग-दो रंग महल बैरियर से प्रवेश दिए जाने की तैयारी है। इसमें उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड के 3000 अतिथि के साथ 300 निर्माण इकाइयों से जुड़े 2000 वर्कर शामिल होंगे। राम मंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉक्टर अनिल मिश्रा ने सोमवार को बताया कि राममंदिर में होने वाला कार्यक्रम अपने आप में स्वतंत्र होता है। जिसकी तुलना पहले हुए कार्यक्रम से नहीं की जा सकती है। अयोध्या नगरी के मठ मंदिरों में कार्यक्रम होते रहते हैं लेकिन यह कार्यक्रम इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि श्रीराम महायंत्र की स्थापना होनी है। इसके लिए राष्ट्रपति महोदया को आमंत्रित किया गया है।

## मंदिर श्रीलालसाहेब दरबार भगवान के संग भक्तों ने खेली होली

अयोध्या कार्यालय।



रंग पंचमी पर लाल साहब दरबार में खेली गई होली।

**अमृत विचारः** फाल्गुन शुक्ल पंचमी यानी रंग पंचमी पर कनक भवन प्रांगण स्थित मंदिर श्रीलालसाहेब दरबार में संतों ने फूलों व अबीर-गुलाल से होली खेली। रंग पंचमी उत्सव को श्रीलालसाहेब दरबार के वर्तमान पीठाधिपति महंत रामनरेश शरण महाराज ने अपना संयोजन प्रदान किया। महोत्सव में तपोवन मंदिर रांची झारखंड के महंत ओम प्रकाश शरण महाराज की विशेष उपस्थिति रही। मंदिर के गर्भगृह में विराजमान श्रीलालसाहेब सरकार का सायंकाल पूजन-अर्चन, आरती की गई। उसके बाद पीठ के पीठाधिपति महंत रामनरेश शरण महाराज ने श्रीलालसाहेब को गुलाल-अबीर लगाकर फूलों से होली खेली। उसके बाद एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और फूलों से होली खेलकर रंग पंचमी उत्सव मनाया।

श्रीलालसाहेब दरबार के पीठाधीश्वर रामनरेश शरण महाराज ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस इस भी आश्रम में रंग पंचमी का महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। हिंदू धर्म में रंग पंचमी महोत्सव का विशेष धार्मिक महत्व है। पौराणिक कथाओं के अनुसार, ऐसा माना जाता है कि होली के दौरान जलाई जाने वाली 'होलिका दहन' (आग) वातावरण में मौजूद सभी राजसिक और तामसिक कणों को शुद्ध करती है। इससे वातावरण में एक पवित्र ऊर्जा का निर्माण होता है और अपार सकारात्मकता का संचार होता है। रंग पंचमी को प्रेम और रंगों के त्योहार के रूप में मनाया जाता है, जो युगल सरकार से जुड़ा है।

## टोल में छूट की मांग को लेकर किया प्रदर्शन

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचारः** जिले में संचालित तीन टोल प्लाजा पर स्थानीय वाहनों को छूट देने की मांग को लेकर सोहावल तहसील परिसर में लोगों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों की मांग है कि जिस तरह बस्ती जिले में स्थानीय वाहनों को टोल से छूट दी गई है, उसी तर्ज पर अयोध्या में भी यूपी-42 नंबर की गाड़ियों को टोल मुक्त किया जाए। दरअसल जनपद में लखनऊ हाईवे, प्रयागराज हाईवे और रायबरेली हाईवे पर तीन टोल प्लाजा संचालित हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि रोजमर्रा के काम, व्यापार और आवागमन के लिए उन्हें कई बार टोल से गुजरना पड़ता है, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। जबकि पड़ोसी जिले में राहत दी गई है, यहां किसी प्रकार की छूट नहीं मिल रही। धरने के दौरान एक प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम सोहावल सविता राजपूत और सीओ सदर अरविंद सोनकर को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर टोल मैनेजर की मौजूदगी में प्रशासन और आंदोलनकारियों के बीच लंबी वार्ता हुई। प्रदर्शनकारियों ने साफ कहा कि उनकी मांग जायज है और स्थानीय नागरिकों को प्राथमिकता के आधार पर राहत मिलनी चाहिए।



आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय में मौजूद परिषदीय स्कूलों के विद्यार्थी। अमृत विचार

### बच्चों ने कृषि विश्वविद्यालय का किया भ्रमण

**अयोध्या ,अमृत विचार :** जिले के विभिन्न कम्पोजिट विद्यालयों के लगभग 300 बच्चों ने सोमवार को नरेन्द्र देव कृषि विश्वविद्यालय का शैक्षिक भ्रमण किया। भारत की समृद्धि, पुरातन व ऐतिहासिक धरोहर और भारतीय संस्कृति की समझ विकसित कर देश के प्रति गौरव की भावना व देशभक्ति जागृत करने के उद्देश्य से शैक्षिक भ्रमण का आयोजन किया गया। पशुपालन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एसपी सिंह ने छात्रों को विभिन्न किस्मों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। सब्जी विज्ञान विभाग का सहायक प्रोफेसर डॉ. संजीव सिंह ने प्राकृतिक सब्जियों के बारे में विस्तार से बताया। भ्रमण में जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) आदर्श सिंह, जिला समन्वयक (कम्युनिटी) अंकुर सिंह, एसआरजी डॉ. अम्बिकेश त्रिपाठी, अमित मिश्रा, ऋचा उपाध्याय, सारिका चौधरी, सहित विभिन्न ब्लॉक के शिक्षक उपस्थित रहे।

## आजीविका से भी जुड़ी होती है आर्द्रभूमियां : डॉ. उलमन

कुमारगंज अयोध्या।

- कृषि विवि के छात्रों ने ली जैव-विविधता एवं पक्षी संरक्षण की जानकारी

**अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा उत्तर प्रदेश जैव-विविधता बोर्ड के सहयोग से जैव-विविधता संरक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। डॉ. उलमन यशिमता नितिन ने बताया कि आर्द्रभूमियां केवल जैव-विविधता के केंद्र ही नहीं हैं, बल्कि स्थानीय लोगों की आजीविका से भी जुड़ी होती हैं, इसलिए उनका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में आर्द्रभूमि जैव-विविधता, पक्षी संरक्षण तथा पारिस्थितिक सततता के प्रति जागरुकता विकसित करना है। डॉ. मनोज सिंह ने कहा कि नियमित फील्ड-आधारित प्रशिक्षण विद्यार्थियों को पारिस्थितिक अंतःक्रियाओं को बेहतर ढंग से समझने में मदद करता है। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को डॉ. उलमन यशिमता नितिन विवेक जैन तथा डॉ. मनोज सिंह द्वारा प्रशिक्षण दिया गया। विशेषज्ञों ने पक्षियों की पहचान, आवास आकलन तथा आर्द्रभूमि पारिस्थितिकी पर व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। सर्वेक्षण के दौरान विद्यार्थियों ने पक्षियों एवं तितलियों की समृद्ध विविधता का अवलोकन किया, जिसमें 40–45 से अधिक पक्षी प्रजातियां तथा 13–20 तितली प्रजातियां दर्ज की गईं। प्रमुख पक्षियों में सारस क्रेन, कॉटन पिग्मी गूज, मार्श हैरियर, इजिप्शियन वल्चर, एशियाई ओपनबिल तथा वूली-नेक्ड स्टॉर्क शामिल रहे। प्रमुख तितलियों में चॉकलेट पैंसी, ग्रे पैंसी, कॉमन ग्रास येलो, लेमन पैंसी, स्ट्रिप्ड टाइगर तथा प्लेन टाइगर देखी गईं। विद्यार्थियों ने प्राकृतिक वातावरण में पक्षियों और तितलियों को निकट से देखकर अत्यंत उत्साह व्यक्त किया तथा वैज्ञानिक पहचान तकनीकों को सीखने का अवसर प्राप्त किया। एक स्नातकोत्तर छात्र ने कहा कि यह फील्ड अनुभव कक्षा के अध्ययन और वास्तविक जैव-विविधता समझ के बीच की दूरी को कम करता है। कार्यक्रम में शामिल अफ्रीका व नेपाल के तीन छात्रों ने बताया कि इस प्रकार का व्यावहारिक प्रशिक्षण पारिस्थितिकी कौशल के विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर बीएससी (वानिकी), एमएससी. (वानिकी), पीएचडी (वानिकी) के लगभग 60 विद्यार्थियों के साथ-साथ आर्मी पब्लिक स्कूल, अयोध्या के 60 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

## योगी सरकार ने बदली बेसिक शिक्षा की तस्वीर

बीकापुर, अयोध्या।



बीकापुर में ब्लाक स्तरीय कार्यशाला का उद्घाटन करते विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान। अमृत विचार

**अमृत विचार :** परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों एवं ग्राम प्रधानों के ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण की एक दिवसीय कार्यशाला खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय परिसर बीकापुर में सोमवार को आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन से किया। उन्होंने कहा कि योगी सरकार ने बेसिक शिक्षा की तस्वीर बदल कर रख दी है।

प्राथमिक बीकापुर विद्यालय की बालिकाओं ने स्वागत गीत एवं सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन द्वारा बेसिक शिक्षा के स्कूलों में चल रहे कार्यक्रमों जैसे डीबीटी, निपुण भारत मिशन,ऑपरेशन कायाकल्प से ग्राम प्रधानों, जनप्रतिनिधियों एवं जनमानस से साझा करना रहा। विधायक ने कहा कि 2017 से पहले बेसिक विद्यालयों में संसाधनों का अभाव था।अभिभावक बच्चों को विद्यालय भेजने से कतराते थे, लेकिन प्रदेश में योगी सरकार आने के बाद से अभिभावकों का विश्वास विद्यालयों पर बढ़ा। कहा कि सरकार द्वारा बच्चों को डीबीटी के माध्यम से 1200 की धनराशि जूता मोजा ,स्वेटर और स्टेशनरी के लिए दी जा रही है। स्मार्ट क्लास ऑपरेशन कायाकल्प के होने से बेसिक विद्यालयों की तस्वीर बदल गई है। इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी अमित श्रीवास्तव, सूर्य प्रसाद श्रीवास्तव, अनिल उपाध्याय, प्रधान संघ के जिला सचिव मुकुल आनंद, प्रधानाध्यापक प्रियाकांत पांडेय, अनिल सिंह समेत अन्य मौजूद रहे।

## व्यापारियों के साथ हुई पीस कमेटी की बैठक

**अयोध्या, अमृत विचारः** होली पर्व के सकुशल आयोजन के लिए सोमवार को कोतवाली नगर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की तरफ से संयुक्त प्रांतीय महामंत्री अरुण कुमार अग्रवाल, जिला महामंत्री मनोज जायसवाल, सर्राफा मंडल साकेत के अध्यक्ष विजय मेहता, उपाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य पवन बंसल, गल्ला व्यापार मंडल के सचिव नीरज सिंघल, संजय मित्तल और राजेश बंसल ने सहभागिता की।व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारियों ने सर्राफा मंडल की छोटी होली 3 मार्च मंगलवार को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक मनाने की जानकारी दी। जिला महामंत्री मनोज जायसवाल ने रमजान का महीना होने पर 2 एवं 3 मार्च को होलिका दहन के समय सुरक्षा और कानून व्यवस्था को सख्ती से लागू करने का सुझाव दिया। पुलिस अधीक्षक नगर चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर श्रेयश त्रिपाठी और प्रभारी निरीक्षक अश्वनी कुमार पांडेय सहित सभी चौकी प्रभारियों ने अपने क्षेत्र की समस्याओं को नोट कर मौके पर जाकर उसके निदान का विश्वास दिलाया।

## 185 लीटर अवैध शराब बरामद चार लोगों पर केस दर्ज

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** रामनगरी में आबकारी विभाग ने तहसीलवार पांच टीमों का गठन कर 20 से 23 फरवरी तक 45 स्थानों पर छापा मारकर 185 लीटर अवैध शराब बरामद की है। साथ ही 80 किग्रा लहन भी नष्ट कराया है। मामले में चार अभियोग भी पंजीकृत किए गए हैं। होली पर्व पर अवैध शराब के कारोबार को रोकने के लिए आबकारी विभाग सतर्क हो गया है। विभाग ने विशेष अभियान के तहत तहसील सदर, सोहावल, बीकापुर, मिल्कीपुर व रुदौली में टीमें गठित की हैं। प्रत्येक टीम में संबंधित तहसील के एसडीएम, सीओ तथा क्षेत्रीय आबकारी निरीक्षक शामिल हैं। इसके अलावा टीम में क्षेत्रीय आबकारी आरक्षी, ग्राम प्रधान व स्थानीय राजस्व अधिकारियों को भी शामिल किया गया है। जिला आबकारी अधिकारी सुरेश चंद्र मिश्र ने बताया कि अवैध शराब के कारोबारियों के खिलाफ और सख्त कार्रवाई की जाएगी। यदि कोई भी व्यक्ति ऐसी गतिविधियों में लिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी तथा संबंधित संपत्ति भी जब्त की जा सकती है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि वे अवैध शराब के बारे में सूचना दें, ताकि त्योहार शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से मनाया जा सके।

## संस्कारों के बिना शिक्षा की सार्थकता नहीं : अजीत

मिल्कीपुर, अयोध्या।



गायत्री पब्लिक स्कूल सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार :** हैरिंग्टनगंज ब्लॉक के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान गायत्री पब्लिक स्कूल का 13वां वार्षिकोत्सव समारोह सोमवार को धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय की शैक्षणिक प्रगति से अभिभूत महाप्रबंधक ओसवाल शुगर मिल (बरेली) बीएन मिश्रा ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

मुख्य अतिथि सपा नेता अजीत प्रसाद ने कहा कि संस्कारों के बिना शिक्षा की सार्थकता संभव नहीं है। उन्होंने फैजाबाद सांसद अवधेश प्रसाद के प्रतिनिधि के रूप में विद्यालय के विकास के लिए 10 लाख रुपये की सहायता राशि देने की घोषणा की। समाजसेवी अमरनाथ तिवारी ने कहा कि यह मंच केवल प्रतिभा प्रदर्शन का माध्यम नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास का उत्सव है। विद्यालय केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यहीं से सपनों को उड़ान मिलती है।

शिक्षिका एवं समाजसेवी मयूरी तिवारी ने कहा कि सफलता केवल जीत में नहीं, बल्कि निरंतर प्रयास में निहित है। असफलता भी जीवन में हमें कुछ न कुछ सिखाने आती है। वहीं सपा नेता अनूप सिंह ने कहा कि अभिभावकों का सहयोग और विश्वास ही बच्चों की सबसे बड़ी ताकत है। सरस्वती वंदना और स्वागत गीत के बाद विद्यालय के विद्यार्थियों ने हॉरर कॉमेडी, संस्कार का महत्व, शिव तांडव, अनपढ़ बहू, कास्टिज़्म, ऑपरेशन सिंदूर, इंटरव्यू आदि सांस्कृतिक एवं नाट्य प्रस्तुतियाँ देकर दर्शकों का मन मोह लिया।

विद्यालय के प्रबंधक उमा शंकर शुक्ल ने नए शैक्षिक सत्र में बालिकाओं के लिए विशेष सुविधाएँ शुरू करने की घोषणा की। शैक्षणिक सत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम विद्यालय की प्रधानाचार्या शिखा दूबे एवं प्रभा शंकर शुक्ल के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। समारोह में अशोक तिवारी, राम शंकर मिश्रा, रितेश यादव, पवन तिवारी, महादेव यादव सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं अभिभावक उपस्थित रहे।



मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत खजुरी मिर्जापुर में इफ्तार पार्टी में मौजूद रोजेदार।

## खजुरी मिर्जापुर में रोजा इफ्तार का आयोजन

**बारुन, अयोध्या। अमृत विचार :** विकासखंड मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत खजुरी मिर्जापुर में पांचवें रमजान पर एक इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। यह इफ्तार पार्टी सोमवार शाम 6 बजे गांव निवासी थलसेना के पूर्व सूबेदार मोहम्मद फरीद खान के आवास पर आयोजित की गई थी। उपस्थित सभी रोजेदारों ने इफ्तार कर अपने रोजे खोले। इसके बाद, गांव में स्थित नूरानी जामा मस्जिद में रोजेदारों ने नमाज अदा की। मस्जिद के पेश इमाम हाफिज मोहम्मद असरार ने सभी रोजेदारों को मगरिब की नमाज पढ़ाई। नौशाद खान, महताब खान, शमशाद खान, बाबा कलीम, मो. इमरान खान आदि मौजूद रहे।

## न्यूज ब्रीफ

### जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

**पूराबाजार, अमृत विचार :** पूराकलंदर थाना क्षेत्र के देवापुर गांव में महिला के सिर पर लाठी से हमला करके गंभीर घायल करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। देवापुर गांव के अनिल कुमार पांडेय ने तहरीर में कहा है कि गांव के ही प्रवीन दुबे ने रंजिश के चलते उनकी माता कुशलावती के सिर पर लाठी से हमला कर मरणासन्न कर दिया था। पुलिस ने देवापुर गांव के बगल दुगौली बाग के पास से आरोपी प्रवीन दुबे को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक पूरा कलंदर मनोज शर्मा ने बताया कि आरोपी की निशान देही पर हमले में प्रयुक्त लाठी बरामद कर ली गई।

### जरूरतमंदों को वितरित किया सामान

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार :** श्री मद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पहले जरूरतमंद लोगों में साइकिल, सिलाई मशीन, कंबल, साड़ी का वितरण किया। आयोजन ब्लॉक क्षेत्र के मजनावां मजरे कुड़ौली के रहने वाले समाजसेवी करुणाकर पांडे उर्फ बब्बू ने किया। बताया कि सोमवार 23 फरवरी को उनके आवास पर श्रीमद्भागवत कथा (ज्ञान यज्ञ) का शुभारंभ होगा। इसी के उपलक्ष्य में 22 फरवरी को कलश यात्रा निकाली गई। वहां से वापसी के बाद उनके नव-निर्माणाधीन आवास पर उपहार वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि ईश्वर जो कुछ देता है, उसका कुछ हिस्सा जरूरतमंदों की सेवा में लगाना ही सच्ची भक्ति है। कार्यक्रम में राकेश पाण्डेय,पवन तिवारी, प्रधान प्रतिनिधि धमसादीन, रत्नाकर पाण्डेय, शुभम पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

### अपराधी की खुली हिस्ट्रीशीट

**अयोध्या, अमृत विचार।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. गौरव ग्रोवर के निर्देश पर कोतवाली नगर पुलिस ने एक अपराधी को दुराचारी घोषित करते हुए उसके आपराधिक इतिहास के अनुरूप (अ) प्रकार की हिस्ट्रीशीट खोली है। अपराधी शिवम उर्फ डाबर यादव उर्फ गोलू निवासी पहाड़गंज थाना कोतवाली नगर के खिलाफ चार केस दर्ज हैं।

### विधायक ने सीएचसी में बांटे फल, किया निरीक्षण

**बीकापुर, अयोध्या।** तहसील क्षेत्र के समाजसेवी एवं कम्युनिस्ट नेता रहे कामरेड राम बरन कोरी की पुण्य तिथि पर विधायक डॉ. अमित सिंह चौहान ने सोमवार शाम भाजपा पदाधिकारियों के साथ सीएचसी बीकापुर में मरीजों को फल वितरित किये। उन्होंने सीएचसी के विभिन्न पटल का निरीक्षण भी किया। अस्पताल में भर्ती प्रसूता और मरीजों उनके तीमारदारों से संवाद करके मिल रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली। स्वास्थ्य केंद्र में वाटर कूलर, डिजिटल एक्स-रे मशीन, इमरजेंसी भवन का विस्तारीकरण कराने का आश्वासन दिया। मौके पर अधीक्षक डॉ. अंशुमान , डॉ. एसके मौर्य, प्रधान संघ के जिला सचिव मुकुल आनंद, अजय, सोनू, सुनील समेत अन्य मौजूद रहे।

### वरिष्ठ भाजपा नेता को मातृ शोक

**पूराबाजार।** ब्लॉक क्षेत्र के देवगढ़ निवासी वरिष्ठ भाजपा नेता सुधीर सिंह मुन्ना की माता का निधन हो गया। करीब 83 वर्षीय प्रभा सिंह का अंतिम संस्कार सोमवार को सरयू के दिलासीगंज घाट पर किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े सुधीर सिंह मुन्ना ने दी। उनके निधन पर पूर्व सांसद लल्लू सिंह, गोसाईगंज विधायक अभय सिंह, सदर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, सूर्यवंश क्षत्रिय उत्थान समिति के अध्यक्ष भगवान बक्स सिंह, जिपं अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक कुमार सिंह रोहित, पूर्व कार्यवाहक जिपं अध्यक्ष करुणाकर पांडे, भाजपा महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र प्रताप सिंह, गिरीश कुमार पांडे डिप्पुल, आदि ने शोक व्यक्त किया है।

खेती-किसानी

एक हेक्टेयर में 3086 पौधे, 750 क्विंटल उत्पादन का रिकॉर्ड, 1.5 लाख खर्च, 3 .5 लाख रुपये की शुद्ध बचत से बने प्रेरणा स्रोत

# केले की खेती से किसान की आय में तीन गुना मुनाफा

अयोध्या कार्यालय।



केले की फसल दिखाते किसान विजय कुमार। अमृत विचार

**अमृत विचारः** जिले के पूराबाजार विकासखंड के ग्राम दतौली निवासी किसान विजय कुमार वर्मा पुत्र राम सनेही वर्मा ने टिश्यू कल्चर विधि से केले की खेती कर आय में जबरदस्त इजाफा कर लिया। उन्होंने 1.5 लाख की लागत में 3.5 लाख की शुद्ध बचत की। वैज्ञानिक तरीके से की गई इस खेती से न केवल उच्च उत्पादन हासिल किया, बल्कि कम लागत में अच्छी कमाई भी की, जिससे वे अन्य किसानों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गए हैं।

विजय वर्मा ने योगी सरकार की एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के तहत वर्ष 2024-25 में उद्यान विभाग से संपर्क किया। विभाग के अधिकारियों ने उन्हें टिश्यू कल्चर केले की खेती की विस्तृत जानकारी दी, जिसके बाद उन्होंने एक हेक्टेयर क्षेत्र में इसकी शुरुआत की। उन्होंने 3086 पौधे रोपित किए, जो 6×6 फीट की मानक दूरी पर लगाए गए। प्रत्येक गड्ढे में 7-8 किलोग्राम सड़ी गोबर खाद और 30-40 ग्राम एनपीके उर्वरक डालकर गड्ढों की भराई की गई। रोपाई के बाद हल्की सिंचाई की गई। खेती के दौरान उन्होंने नियमित रूप से निराई-गुड़ाई, सिंचाई, संतुलित उर्वरकों का प्रयोग और कॉपर ऑक्सीक्लोराइड जैसे फफूंदनाशकों का छिड़काव किया। उत्पादित केले को पूराबाजार नवीन सब्जी मंडी में 700 से 850 रुपये प्रति क्विंटल की दर से बेचा। कुल आमदनी लगभग पांच लाख रुपये रही, जबकि कुल खर्च मात्र 1.5 लाख रुपये हुआ। इस प्रकार शुद्ध बचत 3.5 लाख रुपये रही।

### अधिक लाभ कमा आत्मनिर्भर बन सकते हैं किसान

यह सफलता बागवानी प्रोत्साहन योजनाओं का जीता-जागता उदाहरण है।जिनके तहत किसानों को सब्सिडी, तकनीकी मार्गदर्शन और गुणवत्तापूर्ण पौध सामग्री उपलब्ध कराई जा रही है। ऐसी खेती से छोटे किसान भी कम समय में अधिक लाभ कमा सकते हैं और आत्मनिर्भर बन सकते हैं।

### बनाया जा सकता है लाभकारी व्यवसाय

जिला उद्यान अधिकारी अरुण कुमार तिवारी ने बताया कि विजय वर्मा की यह उपलब्धि साबित करती है कि आधुनिक तकनीक और सरकारी योजनाओं का सही उपयोग करके कृषि को लाभकारी व्यवसाय बनाया जा सकता है। अन्य किसान भी इस मॉडल को अपनाकर अपनी आय दोगुनी-तिगुनी कर सकते हैं।



प्राथमिक शिक्षक संघ पूरा विकास खण्ड की कार्यकारिणी व संघर्ष समिति की समीक्षा बैठक में मौजूद सदस्य। अमृत विचार

## टीईटी की अनिवार्यता समाप्त होने तक संघर्ष रहेगा जारी

**अयोध्या , अमृत विचार :** प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. दिनेशचंद्र शर्मा के निर्देश पर पूरा विकास खण्ड की कार्यकारिणी एवं संघर्ष समिति की समीक्षा बैठक सोमवार को कंपोजिट विद्यालय दर्शननगर में हुई। अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. सत्येंद्र गुप्ता ने व संचालन ब्लाक मंत्री सुमित सिंह ने किया। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष व प्रांतीय ऑडिटर नीलमणि त्रिपाठी ने सदस्यता रजिस्टर, कार्यवाही रजिस्टर का अवलोकन कर सदस्यता बढ़ाने का निर्देश दिया। जिलामंत्री डॉ. चक्रवर्ती सिंह ने सभी सदस्यों के ट्वीटर अकाउंट की समीक्षा की। कहा कि सरकार शिक्षकों के प्रति सौतेला व्यवहार कर रही है। बैठक में सत्येंद्र गुप्ता, संचराज वर्मा, अनिल सिंह, चंदा वर्मा, अंजू यादव, रीनू सिंह, शीला वर्मासहित ब्लॉक कार्यकारिणी व ब्लॉक संघर्ष समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे ।

# हैंडबॉल में अयोध्या ने जीता खिताब

## डॉ. भीमराव स्पोर्टस स्टेडियम डाभासेमर मसौधा में उप्र पुलिस लखनऊ जोन की तृतीय हैंडबॉल व बास्केटबॉल प्रतियोगिता शुरू

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** डॉ. भीमराव स्पोर्टस स्टेडियम डाभासेमर मसौधा में सोमवार को उप्र पुलिस लखनऊ जोन की तृतीय हैंडबॉल व बास्केटबॉल (महिला/पुरूष) प्रतियोगिता-2026 का शुभारंभ हुआ। 23 से 25 फरवरी तक आयोजित इस प्रतियोगिता का शुभारंभ अयोध्या परिक्षेत्र के आईजी सोमेन बर्मा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। पहले दिन हैंडबॉल प्रतियोगिता पुरुष वर्ग के फाइनल में अयोध्या ने अंबेडकरनगर को 5-0 से हराकर खिताब अपने नाम लिया।

प्रतियोगिता में लखनऊ जोन के 11 टीमों में से कुल पांच जिलों की टीमें अयोध्या, बाराबंकी, रायबरेली, अम्बेडकर नगर, बाराबंकी व कमिश्नरेट (लखनऊ) के



खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उप्र पुलिस लखनऊ जोन की तृतीय हैंडबॉल व बास्केटबॉल (महिला/पुरूष) प्रतियोगिता का शुभारंभ करते डीआईजी सोमेन बर्मा। अमृत विचार

खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे हैं। बास्केटबॉल प्रतियोगिता के पहला मैच अयोध्या व अम्बेडकरनगर के बीच खेला गया। जिसमें अयोध्या ने 13-2 से जीत हासिल की। दूसरा मैच बाराबंकी व रायबरेली के बीच खेला गया, जिसमें रायबरेली 4-0 से विजेता बना। तीसरा मैच कमिश्नरेट लखनऊ व रायबरेली के बीच खेला गया, जिसमें कमिश्नरेट लखनऊ ने 14-2 से जीत हासिल की। प्रतियोगिता का फाइनल मैच 25 फरवरी को अयोध्या एवं कमिश्नरेट लखनऊ के बीच खेला जाएगा।

वहीं, हैंडबॉल प्रतियोगिता पुरुष वर्ग का पहला मैच बाराबंकी एवं अम्बेडकरनगर के बीच खेला गया। जिसमें अम्बेडकरनगर 12-06 से विजयी रही। दूसरा मैच

- **बास्केटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचे अयोध्या व कमिश्नरेट लखनऊ**

अयोध्या एवं रायबरेली के बीच खेला गया, जिसमें अयोध्या ने 06-0 से जीत हासिल की। फाइनल मैच अयोध्या एवं अम्बेडकरनगर के बीच खेला गया। जिसमें अयोध्या ने 05-0 से जीत हासिल कर खिताब अपने नाम किया। इस मौके पर एसपी ग्रामीण बलवंत चौधरी, एसपी सिटी चक्रपाणि त्रिपाठी, सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी, सीओ अयोध्या आशुतोष तिवारी, मुख्य अग्निशमन अधिकारी महेन्द्र प्रताप सिंह, क्षेत्राधिकारी लाइंस विकास राय, क्षेत्राधिकारी यातायात मयंक मिश्रा, प्रतिसार निरीक्षक संदीप कुमार राय, प्रभारी निरीक्षक थाना पूराकलन्दर मनोज कुमार शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

# काली पट्टी बांधकर शिक्षकों ने दर्ज कराया विरोध

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार :** शिक्षकों ने टेट की अनिवार्यता पर सोमवार को काली पट्टी बांधकर अपना विरोध दर्ज कराया। इसमें टीचर फेडरेशन ऑफ इंडिया के अनुसांगिक संगठन उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेश जूनियर हाई स्कूल शिक्षक, उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ ने आंदोलन में प्रतिभाग किया।

विद्यालयों में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य किया। बोर्ड परीक्षा में ड्यूटी कर रहे बेसिक शिक्षा परिषद के शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर आंदोलन में भागीदारी की। डायट अयोध्या में चल रहे प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने वाले शिक्षकों ने भी काली पट्टी बांधकर प्रशिक्षण लिया और प्रदर्शन कर विरोध दर्ज कराया।

प्रांतीय ऑडिटर एवं जिला अध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने कहा कि सड़कों पर शिक्षकों के प्रति सहानुभूति दर्शाने वाले




डायट में काली पट्टी बांधकर विरोध-प्रदर्शन करते शिक्षक। अमृत विचार

सत्ता पक्ष के जिम्मेदारों द्वारा संसद में शिक्षक विरोधी वक्तव्य से शिक्षक समुदाय आक्रोशित हैं। जूनियर हाई स्कूल शिक्षक संघ के जिला अध्यक्ष अरुण तिवारी ने टेट की अनिवार्यता समाप्त होने तक आंदोलन चलाए जाने की बात कही। महिला शिक्षक संघ की जिला अध्यक्ष मनोरमा साहू ने कहा कि शिक्षकों की लड़ाई में महिला शिक्षकों की भूमिका अग्रणी रहेगी। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलामंत्री चक्रवर्ती सिंह ने कहा कि इस निर्णय से देश के लगभग 20 लाख शिक्षक प्रभावित हो रहे हैं। जूनियर शिक्षक संघ के जिला मंत्री चंद्रजीत यादव एवं महिला शिक्षक संघ की मंत्री नीलम मध्यान ने कहा की पहली बार शिक्षकों में इतनी एकता दिखाई पड़ रही है निश्चित रूप से आंदोलन का सार्थक परिणाम निकलेगा और टेट की अनिवार्यता समाप्त होगी। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश यादव ने बताया कि वीरेंद्र भारती, मो. तारिक, अर्चना गोस्वामी, मोहम्मद आरिफ, गोपाल, अविनाश पांडे, अजय सिंह आदि ने अपनी टीम के साथ आंदोलन को सफल बनाया।

# नाले का बहाव ठीक न होने से घरों में घुसा गंदा पानी

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** रामनगरी में पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के चौड़ीकरण के दौरान बनाया गया नाला अब लोगों के लिए परेशानी का सबब बन गया है। इस मार्ग पर राजघाट के पास स्थित साईं मंदिर के बगल में नाले पर ढक्कन नहीं लगाया गया है, जिससे कभी भी हादसा होने का खतरा बना हुआ है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नाले का बहाव ठीक न होने के कारण गंदा पानी उनके घरों में भी घुस रहा है।

ध्यान रहे कि अयोध्या के विकास के क्रम में पंचकोसी परिक्रमा मार्ग का चौड़ीकरण किया जा रहा है। यह

## शिकायतों के बाद भी नहीं हो रही सुनवाई



पवन

स्थानीय निवासी पवन ने बताया कि अयोध्या का विकास हो रहा अच्छी बात है, लेकिन इसे संतुलित तरीके से किया जाए। रोजाना इधर से वीआईपी का आगमन होता है, लेकिन किसी को नाले का खुला ढक्कन दिखाई नहीं दे रहा। उन्होंने इसे तत्काल ठीक कराने की मांग की।



सुशांत

स्थानीय नागरिक सुशांत कहते हैं कि यहां ऊंचाई होने के कारण नाले का बहाव राजघाट की ओर नहीं है। जरा सी बरसात में पानी भर जाता है व ओवरफ्लो होकर घरों में भी घुस रहा है। कई बार मौखिक व लिखित शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रहीहै।



सुभाष

श्री बालाजी सरकार सेवा समिति के अध्यक्ष सुभाष जायसवाल इसको लेकर लंबी लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कई बार पीडब्ल्यूडी के अधिकारी से मिलकर इस समस्या का निदान कराने की मांग भी की। कार्रवाई न होने पर अब उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र भी लिखा है। उनका कहना है कि अगर एक सप्ताह में इसे ठीक नहीं किया गया तो वह पीडब्ल्यूडी कार्यालय पर अनशन करेंगे।

कार्य अब अंतिम चरण पर है। घरों व दुकानों के पानी के निकास के लिए सड़क के दोनों ओर करीब छह फीट गहरा नाला भी बनाया गया है। वर्तमान में कई स्थानों पर नाले के ऊपर ढक्कन नहीं लगाया गया है। राजघाट के समीप स्थित साईं मंदिर के ठीक बगल नाला खुला हुआ है, इसमें कई तरह की केबल भी निकलकर सड़क पर पड़ी है। मंदिर होने के कारण यहां श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। साथ ही बच्चे भी खेलते कूदते हैं। इससे कभी भी हादसे की संभावना बनी हुई है। पीडब्लयूडी के इंजीनियर विकल्प कनौजिया से बात करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

## पुलिस अधीक्षक ने किया औचक निरीक्षण



**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार :** मालीपुर थाना का सोमवार को पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने थाने की व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लेते हुए अभिलेखों और रजिस्टरों के रखरखाव की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया। इस दौरान उन्होंने गार्ड रूम, मिशन शक्ति कक्ष, आगंतुक रजिस्टर, अपराध रजिस्टर सहित अन्य अभिलेखों का निरीक्षण कर उनके समुचित संधारण के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने महिला हेल्प डेस्क एवं मिशन शक्ति केंद्र पर आने वाली शिकायतों के त्वरित एवं संवेदनशील निस्तारण पर जोर देते हुए संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निष्पादन और अपराध नियंत्रण के लिए प्रभावी गश्त बढ़ाने पर भी बल दिया। इस अवसर पर थाना अध्यक्ष स्वतंत्र कुमार मौर्य सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## छात्र-छात्राओं ने वैज्ञानिकों से किया संवाद

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के सूक्ष्मजीव विज्ञान विभाग एवं इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी में स्टूडेंट इंटरेक्शन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें छात्र-छात्राओं ने वैज्ञानिकों से संवाद किया। मुख्य वक्ता एवं अतिथि इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च पुणे के निदेशक प्रो. अरविंद नातू ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण, अनुसंधान के महत्व तथा फार्मेसी एवं सूक्ष्मजीव विज्ञान के क्षेत्र में नवाचार की संभावनाओं पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन ज्योति वैश्य ने किया। इस अवसर पर फार्मेसी संस्थान के निदेशक प्रो. शैलेन्द्र कुमार, सूक्ष्मजीव विज्ञान की अध्यक्ष प्रो. तुहिना वर्मा, डॉ. रंजन सिंह, बी फार्मा को-ऑर्डिनेटर डॉ. अनिल कुमार, डी-फार्मा कोऑर्डिनेटर डॉ. सिंधु सिंह, बी.टेक लाइफ साइंस के डॉ. प्रशांत सिंह, इंटीग्रल यूनिवर्सिटी लखनऊ के फार्मेसी विभाग के डॉ. सोम प्रकाश कुशवाहा, डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ के फार्मेसी विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष कुमार यादव, अवध विश्वविद्यालय फार्मेसी डिपार्टमट के डॉ. अंकुर, डॉ. विमल एवं डॉ. अजय सहित समस्त संकाय सदस्य उपस्थित रहे।

## अयोध्या मेडिकल कॉलेज में बनेगी नई ओपीडी

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ। अमृत विचार :** अयोध्या स्थित स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के अस्पताल में ओपीडी और शिक्षकों के जर्जर आवासों का पुनर्निर्माण होगा। इसके लिए राज्य सरकार ने न केवल स्वीकृत दे दी है बल्कि प्रावधानित 25 करोड़ के बजट में एक करोड़ की प्रथम किश्त जारी भी कर दी है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के संयुक्त सचिव चंद्र शेखर मिश्र ने महानिदेशक को स्वीकृति आदेश जारी कर दिया है। चिकित्सालय में मरीजों की भीड़ और वर्षो पुराने शिक्षक आवासों में आने वाली दिक्कतों को शासकीय अधिकारियों ने गंभीरता से लिया है। आधुनिक तरीके से सुविधाजनक ओपीडी भवन और आवासों का निर्माण किया जाएगा।

## भस्मा ग्राम पंचायत में घटतौली की पुष्टि, कार्रवाई न होने से नाराजगी

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जलालपुर ब्लॉक के भस्मा ग्राम पंचायत में कोटेदार द्वारा घटतौली किए जाने की शिकायत पर 11 फरवरी को खाद्य क्षेत्रीय अधिकारी सुनीता द्वारा जांच की गई। जांच के दौरान ग्रामीणों के सामने खाद्यान्न की तौल कराई गई, जिसमें कमी पाए जाने की पुष्टि हुई। शिकायतकर्ता रोहित व राकेश ने बताया कि जांच के समय मौके पर मौजूद ग्रामीणों के सामने तौल कराई गई थी और निर्धारित मात्रा से कम राशन दिए जाने का मामला सामने आया था। इसके बावजूद एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी संबंधित कोटेदार के विरुद्ध कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे शिकायतकर्ताओं और ग्रामीणों में निराशा व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय स्तर पर मामले को दबाने की कोशिश की जा रही है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो वह उच्चाधिकारियों से शिकायत कर सख्त कार्रवाई की मांग करेंगे। इस संबंध में जिला पूर्ति अधिकारी शिवाकांत पांडे ने बताया कि मामले की जांच कर ली गई है और आवश्यक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# रोजे को सांसारिक दांव-पेच में न करें व्यर्थ

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** माहे रमजान बहुत मुबारक, रहमत, मगफिरत और खैरो बरकत के साथ निजात व बख्शीश का जरिया है। यह बात हुसैनी मस्जिद मीरानपुर के पेश इमाम मौलाना सैयद नदीम हैदर रिजवी ने व्यक्त किया। वह सोमवार को रोजादारों को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि कुरान में रमजान शब्द का स्पष्ट उल्लेख सूरह अल-बकराह की आयत नंबर 185 में है, जहां रमजान को कुरान के अवतरण का महीना बताया गया है। जिसमें अल्लाह तआला फरमाते हैं रमजान का महीना वह है जिसमें कुरान को उतारा गया, जो लोगों के लिए मार्गदर्शन और स्पष्ट प्रमाण है।



मौलाना सैयद नदीम हैदर रिजवी



डॉ. आमिर अब्बास।

पुस्तक नहजुल फसाह के पृष्ठ संख्या 464, हदीस संख्या 1849 के अनुसार रसूले अकरम का कथन है श्रोजा रखो, ताकि तुम सेहतमंद रहो। इसी प्रकार सहीफा कामिला में रमजानुल मुबारक को मुखातिब करते हुए इमाम जैनुल आब्दीन अलैहिस्सलाम ने फर्माया सलाम हो तुम पर ऐ दोस्त किए शैतान पर काबू पाने में तुमने मेरी मदद की और मेरा रास्ता आसान कर दिया। मौलाना नदीम हैदर ने रोजादारों से रब की इताअत व बंदगी में निरंतर मशगूल रहने की अपील करते हुए कहा कि जीवन के इस सबसे महत्वपूर्ण समय को ध्यान में रखते हुए इसे खुराफात तथा सांसारिक दांवपेंच में व्यर्थ न करें। रमजानुल मुबारक में 30 दिनों तक रखा जाने वाला रोजा या उपवास रोजेदारों के शरीर से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालकर शरीर को शुद्ध करता है। रमजान का उपवास शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए अत्यधिक लाभकारी है। इसके अलावा रोजा आत्म-नियंत्रण बढ़ाने के साथ धार्मिक रूप से तकवा और परहेजगारी पैदा करता है। तथा शारीरिक भार को नियंत्रित करता है, चर्बी कम करता है एवं पाचन तंत्र को आराम देता है।

## राष्ट्रीय स्तर पर तक्षशिला के कब बुलबुल ने लहराया परचम

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** भारत स्काउट और गाइड राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर कब बुलबुल उत्सव गदपुरी हरियाणा में आयोजित किया गया। जिसमें जनपद के तक्षशिला अकादमी के कब मास्टर बादल विश्वकर्मा के नेतृत्व में तक्षशिला के छह कब ने उत्तर प्रदेश का नेतृत्व राष्ट्रीय स्तर पर किया। जिसमें स्टेट प्रदर्शनी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, स्टोरी टेलिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, मॉडल मेकिंग और पेपर कटिंग प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान एवं जंगल डांस में तृतीय स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश और जनपद का नाम रौशन किया है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में बलिया के ट्रेनिंग काउंसलर आकाश कुमार का विशेष योगदान रहा। जनपद के इस उपलब्धि पर प्रादेशिक मुख्यायुक्त डॉ. प्रभात कुमार, प्रादेशिक सचिव आनंद सिंह रावत, प्रादेशिक संगठन आयुक्त स्काउट नौशाद अली सिद्दीकी, प्रादेशिक संगठन आयुक्त गाइड रविंदर कौर शोखी सहित अन्य गणमान्य ने चयनित कब बुलबुल स्काउट गाइड रोवर को बधाई दी।

## जिलाधिकारी ने ईवीएम-वीवी पैट वेयर हाउस का किया निरीक्षण, जिम्मेदारों को दिए निर्देश



कलेक्ट्रट परिसर में स्थित ईवीएम एवं वीवी पैट वेयर हाउस का निरीक्षण करते जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला।

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी अनुपम शुक्ला ने कलेक्ट्रट परिसर में स्थित ईवीएम एवं वीवी पैट वेयर हाउस का मासिक बाह्य निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा ईवीएम एवं वेयरहाउस कक्ष के लॉक, सीसीटीवी कैमरा, सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन किया। निरीक्षण में ईवीएम-वीवी पैट मशीन के कक्ष के लॉक यथावत पाए गए तथा आयोग के नियमानुसार सीसीटीवी संचालित और बैकअप सुरक्षित पाया गया। जिलाधिकारी द्वारा ईवीएम और वीवी पैट वेयर हाउस-स्ट्रांग रूम निरीक्षण के दौरान निर्देशित किया कि आयोग के अपेक्षानुसार सुरक्षा के दृष्टिगत स्ट्रांग रूम की सभी व्यवस्थाएं नियमित सुनिश्चित रखी जाए। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्योत्स्ना बंधु, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी महेश चंद्र द्विवेदी सहित अन्य संबंधित कार्मिक उपस्थित रहे।

## मरीजों को निजी क्लीनिक पर भेजने का आरोप

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जलालपुर में तैनात एक महिला चिकित्सक पर मरीजों को सरकारी अस्पताल से अपने निजी नर्सिंग होम जांच और दवा लेने के लिए भेजने का गंभीर आरोप लगा है। आरोप है कि संबंधित चिकित्सक सरकारी पर्चे पर जांच और अल्ट्रासाउंड तथा दवा लेने के लिए अपने निजी नर्सिंग होम जाने की सलाह देती हैं। बता दें कि सोमवार को एक पीडित महिला हाथों में सरकारी पर्चा लेकर महिला चिकित्सक के निजी मेडिकल स्टोर पर दवा लेने पहुंची थी। महिला ने बताया कि महिला चिकित्सक ने जांच के लिए तत्काल अल्ट्रासाउंड कराने को कहा और एक अपने नर्सिंग होम का नाम लेकर बताया कि वहीं अल्ट्रासाउंड होगा। महिला के हाथ मे सरकारी पर्चे के साथ एक अन्य दवा का पर्चा भी था, जिस पर लिखी गयी दवा अपने निजी मेडिकल से लेने की सलाह महिला चिकित्सक ने मरीज को दिया था। मरीजों का कहना है कि सरकारी असपताल में मुफ्त व सहूलियत के लिए वह इलाज कराने आते हैं। लेकिन उक्त महिला चिकित्सक एक दो दवा लिखने के बाद अलग से एक पर्चा बाहर से दवा लेने के लिए लिखती हैं और जांच भी वह अपने ही प्राईवेट नर्सिंग होम से ही कराती हैं। जहां उन्हें मजबूरी में महंगी दवा व जांच करानी पड़ती है। यह सरकारी सेवा नियमों और चिकित्सा आचार संहिता का उल्लंघन है। सरकार द्वारा संचालित अस्पतालों में तैनात चिकित्सकों को निजी लाभ के लिए मरीजों को प्रभावित करना नियम विरुद्ध माना जाता है। सामुदायिक स्वस्थ्य केंद्र जलालपुर के आधीक्षक डॉ. जयप्रकाश ने बताया कि मामले की जांच करके आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# शिविर में 150 मरीजों ने कराया पंजीकरण

टांडा, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** समुदायिक स्वास्थ्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करते हुए एनटीपीसी टांडा ने अपने नैगमिक सामाजिक दायित्व कार्यक्रम के अंतर्गत 23 फरवरी को मेगा नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद शल्य चिकित्सा शिविर का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का उद्घाटन परियोजना प्रमुख जयदेव परिदा द्वारा किया गया। इस अवसर पर गरिमा महिला मंडल की अध्यक्षा संघमित्रा परिदा मौके पर उपस्थित रहीं।

यह नेत्र जांच शिविर 23 और 24 फरवरी को आयोजित किया जा रहा है। जिसके उपरांत 25 से 27 फरवरी तक चयनित मरीजों की निःशुल्क मोतियाबिंद शल्य



शिविर का दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन करते परियोजना प्रमुख जयदेव परिदा व मौजूद लोग।

- **25 से 27 फरवरी तक चयनित मरीजों का होगा ऑपरेशन**

चिकित्सा महामाया राजकीय मेडिकल कॉलेज में किया जाएगा। पंजीकरण के प्रथम दिन 150 मरीजों ने अपना पंजीकरण कराया। कार्यक्रम में प्रतिष्ठित व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिनमें डॉ. मुकेश यादव प्रधानाचार्यय, डॉ. संजय कुमार सैवाल मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एचके सेठी महाप्रबंधक प्रचालन, एससी सिंह महाप्रबंधक सतर्कता, डॉ. मनीषा पांडे मुख्य चिकित्सा अधिकारी एनटीपीसी टांडा, प्रमोद गोयल अपर महाप्रबंधक अनुरक्षण तथा रजनीश कुमार खेतान अपर महाप्रबंधक मानव संसाधन सहित एनटीपीसी टांडा के अन्य अधिकारी और चिकित्सा विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट में किया निरीक्षण

संवाददाता, आजमगढ़।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने सोमवार को कलेक्ट्रेट के विभिन्न पटलों का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए अभिलेखों के रख-रखाव, वरासत के लंबित मामलों और साफ-सफाई व्यवस्था पर सख्त रुख अपनाया। लापरवाही मिलने पर संबंधित कर्मचारियों को चेतावनी जारी करने, लंबित प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई करने तथा मास्टर रजिस्टर अनिवार्य रूप से तैयार करने के कड़े निर्देश दिए गए।

अभिलेखागार के निरीक्षण में जिलाधिकारी ने पुराने बस्तों को बदलकर नए करने, अभिलेखों



अभिलेखागार में पत्रावलियों का निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

को सुव्यवस्थित ढंग से सुरक्षित रखने तथा नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने का आदेश संबंधित पटल सहायकों को दिया। शस्त्रागार में वरासत रजिस्टर का अवलोकन करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन प्रकरणों में रिपोर्ट अप्राप्त है, उन्हें तत्काल लिखित रिमाइंडर भेजा जाए और संबंधित पक्षों को फोन से भी सूचित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन मामलों में पुलिस की आख्या प्राप्त हो चुकी है, उनमें तहसील से भी आख्या मंगाई जाए ताकि प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण हो सके। कुछ मामलों में पुलिस एवं तहसील से आख्या प्राप्त होने के बावजूद पत्रावली लंबित है। डीएम ने नाराजगी जताते हुए मुख्य राजस्व अधिकारी को संबंधित शस्त्र लिपिक के खिलाफ चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए।

## चिकित्सक से अभद्रता व धमकी में तीन गिरफ्तार

**आजमगढ़।** मंडलीय जिला चिकित्सालय आजमगढ़ के ब्लड बैंक के प्रभारी अधिकारी से अभद्रता और धमकी देने के आरोप में तीन अभियुक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने घटना के बाद सोमवार को कार्रवाई करते हुए आरोपियों को सदर अस्पताल परिसर से ही गिरफ्तार किया। बीते शनिवार को प्रातः लगभग नौ बजे ब्लड सेंटर, मंडलीय जिला चिकित्सालय आजमगढ़ में प्रभारी अधिकारी अनिल कुमार मौर्य के कक्ष में तीन व्यक्तियों ने घुसकर विवाद, अभद्रता और धमकी दी। घटना का सबूत वहां लगे सीसीटीवी कैमरों में भी कैद है। थाना कोतवाली पर प्रार्थना पत्र के आधार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया। इसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अभियुक्तों को आज सोमवार को मंडलीय अस्पताल परिसर से गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों में अंगद यादव निवासी पगरा, थाना कोतवाली, आजमगढ़, वीरा यादव निवासी कोढवा, थाना जहानागंज, आजमगढ़ और यशवन्त सिंह निवासी उकरौड़ा, थाना कोतवाली, आजमगढ़ शामिल है।

## 623 बच्चों को निजी स्कूलों में मिला मुफ्त प्रवेश

**जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में शिक्षा के अधिकार अधिनियम आरटीई के तहत निजी स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों के निशुल्क प्रवेश के लिए पहले चरण की ई-लॉटरी प्रक्रिया पूरी हो गई है। इस चरण में कुल 1 हजार 115 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 623 बच्चों को प्रवेश का अवसर मिला है। आरटीई के प्रावधानों के अनुसार निजी स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें वंचित वर्ग के बच्चों के लिए आरक्षित होती हैं। इन सीटों पर प्रवेश लेने वाले बच्चों की फीस का भुगतान सरकार द्वारा किया जाता है। जनपद में कुल 5 हजार 247 सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया जारी है। पहले चरण में प्राप्त 1 हजार 115 आवेदनों में से 492 आवेदन विभिन्न कारणों से रद्द कर दिए गए। जिनमें से अधिकतर आवेदन आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र की अमान्यता या गलत वार्ड चयन के कारण निरस्त हुए। 75 आवेदक प्रक्रिया से बाहर हो गए। बीएसए कार्यालय में ई-लॉटरी प्रक्रिया संपन्न होने के बाद, सत्यापित आवेदकों को निजी स्कूलों में सीटें आवंटित की गईं। अब दूसरे चरण की प्रवेश प्रक्रिया शीघ्र ही शुरू होगी।

**वार्षिकोत्सव** गायत्री संस्कृत संस्थान में प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

# छात्र-छात्राओं की सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

सम्मनपुर, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** शिक्षा क्षेत्र बसखारी अंतर्गत गायत्री संस्कृत संस्थान गायत्री संस्कृत माध्यमिक विद्यालय एवं गायत्री पब्लिक स्कूल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को भव्य वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम प्रताप मिश्र ने की, जबकि संचालन वागीश मिश्र ने किया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रभारी अयोध्या डॉ. मिथलेश त्रिपाठी तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख नरेंद्र मोहन उर्फ संजय सिंह और नगर




वार्षिकोत्सव और प्रतिभा सम्मान समारोह में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यालय के छात्र।

पंचायत किछौछा के अध्यक्ष ओमकार गुप्ता उपस्थित रहे। अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, दहेज प्रथा और सोशल मीडिया जागरूकता पर आधारित नाट्य प्रस्तुति, भक्ति गीत, सांस्कृतिक नृत्य, संस्कृत श्लोक एवं पारंपरिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। बच्चों की प्रतिभा और आत्मविश्वास की अतिथियों ने मुक्त कंठ से सराहना किया। मुख्य अतिथि डॉ. मिथलेश त्रिपाठी ने कहा कि अच्छी शिक्षा और श्रेष्ठ संस्कार ही सशक्त समाज की नींव होते हैं, इसलिए शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों का विकास अत्यंत आवश्यक है।

### कार्यक्रमों की हुई सराहना

इस अवसर पर प्रबंधक कपिल देव उपाध्याय, व्यवस्थापक अरविंद कुमार त्रिपाठी, रामपलटन मिश्र, राजेश कुमार त्रिपाठी, मीरा अजीत कुमार मिश्र, आदित्य तिवारी सहित बड़ी संख्या में अभिभावक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। वहीं कक्षा 8 के छात्र उत्कर्ष, गिरधर, दिव्यांशु द्वारा प्रस्तुत स्वस्तिवाचन की विशेष सराहना हुई। वहीं छात्राओं, शिक्षा, रोशनी, शीतल, आरुषि, परी, डिंपल, साधना, पूजा, संगम, खुशी, करीना, जानवी, शांति और रियांश सहित अन्य विद्यार्थियों ने आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह को यादगार बना दिया।

## पीडब्ल्यूडी में निविदाओं में 40 करोड़ के घोटाले का आरोप

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद में लोक निर्माण विभाग के कंस्ट्रक्शन डिवीजन की लगभग 40 करोड़ रुपए की निविदाओं में कथित घोटाले का मामला सामने आया है। आरोप है कि अधिशासी अभियंता ने निविदा प्रक्रिया में हॉट मिक्स प्लांट की शर्त जोडक़र करीब 200 ठेकेदारों को टेंडर प्रक्रिया से बाहर कर दिया। जानकारी के अनुसार कंस्ट्रक्शन डिवीजन पीडब्लूडी ने 128 कार्यों के लिए निविदाएं जारी की थीं। बाद में फरवरी 2026 को शुद्धि पत्र निविदा जारी कर हॉट मिक्स प्लांट की अनिवार्य शर्त जोड़ी गई। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि यह शर्त चुनिंदा 8 फर्मों को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से लगाई गई थी। शिकायतकर्ताओं का दावा है कि यह कदम प्रमुख अभियंता लखनऊ के 16 अक्टूबर 2020 के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन है। इन नियमों के अनुसार हॉट मिक्स प्लांट की शर्त केवल 75 लाख रुपए से अधिक लागत वाले कार्यों में ही लागू होती है। इसके बावजूद कथित तौर पर कई छोटी निविदाओं में भी यह शर्त लागू कर दी गई। मामले में अधीक्षण अभियंता पीडब्लूडी अयोध्या और कुछ फर्मों के बीच मिलीभगत के आरोप भी लगाए गए हैं। शिकायत में कहा गया है कि इस कदम से शासन को वित्तीय नुकसान होने और प्रतिस्पर्धा समाप्त होने की आशंका है, जबकि सामान्यतः ई-टेंडर प्रक्रिया में दरें 20 प्रतिशत तक कम हो जाती हैं। शिकायतकर्ताओं ने शुद्धि पत्र जारी करने की वैधता, उच्च अधिकारियों की स्वीकृति और पूरे टेंडर प्रबंधन की गहन जांच की मांग की है।

# अधिवक्ता की हत्या से आक्रोशित वकीलों का प्रदर्शन

## गोंडा, करनैलगंज, मनकापुर और तरबगंज तहसील व कचेहरी में पूरी तरह रही बंदी, विरोध में निकाला जुलूस

**फूटा गुस्सा**

- एसपी कार्यालय पहुंचकर सौंपा तीन सूत्री मांगों का ज्ञापन

गोंडा, कार्यालय

**अमृत विचार :** कर्नलगंज के ग्राम सुदई पुरवा में बीते रविवार को उच्च न्यायालय के अधिवक्ता सुभाष मिश्र की निर्मम हत्या से जनपद के अधिवक्ताओं में तीव्र आक्रोश व्याप्त है। घटना के विरोध में बार एसोसिएशन, सिविल बार एसोसिएशन एवं इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के बैनर तले अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन कर जुलूस निकाला।

जुलूस कलेक्ट्रेट परिसर स्थित बार भवन से प्रारंभ होकर दीवानी परिसर से होता हुआ एसपी कार्यालय पहुंचा, जहां मांग पत्र सौंपा गया। जुलूस का नेतृत्व बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रविचन्द्र त्रिपाठी व सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय प्रकाश त्रिपाठी तथा इंडियन एसोसिएशन आफ लायर्स के विरेंद्र त्रिपाठी ने किया। संचालन महामंत्री सुनील कुमार पाण्डेय तथा गौरी शंकर चतुर्वेदी ने किया।



अधिवक्ता हत्याकांड के विरोध में प्रदर्शन करते वकील। ● अमृत विचार

अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग उठाई। मांगपत्र में तीन प्रमुख मांगें रखी गईं, जिसमें सभी आरोपियों की तत्काल गिरफ्तारी कर राजनीतिक दबाव से मुक्त निष्पक्ष जांच कराने, घायल अधिवक्ता के उपचार में कथित देरी के लिए जिम्मेदार कोतवाल व संबंधित पुलिस अधिकारियों को 36 घंटे के भीतर निलंबित कर विभागीय जांच कराई जाने, घटना से एक दिन पूर्व संभावित खतरे की सूचना के बावजूद प्रभावी कार्रवाई न करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कार्रवाई की जाए। सभा को संबोधित करते हुए अध्यक्ष रविचन्द्र त्रिपाठी ने चेतावनी दी कि 36 घंटे में कार्रवाई न होने पर बुधवार को संयुक्त अधिवक्ता संघ की आम सभा बुलाकर आगे की रणनीति तय की जाएगी। प्रदर्शन में विनय कुमार तिवारी, गिरवर कुमार चतुर्वेदी, राम गोपाल पाठक, शिवम त्रिपाठी, शिशिर श्रीवास्तव संदीप तिवारी प्रमोद नंदन श्रीवास्तव सहित सैकड़ों अधिवक्ता उपस्थित रहे। अन्य ज्ञापन में अधिवक्ता के परिवार को 50 लाख रुपये का मुआवजा दिए जाने की मांग और प्रभारी निरीक्षक कोतवाली करनैलगंज को निलंबित कर उनके कृत्यों की निष्पक्ष जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग की गई है।

### फोर्स की मौजूदगी में गमगीन माहौल में की गयी अंत्येष्टि

**करनैलगंज, अमृत विचार :** जमीनी विवाद में मारे गए अधिवक्ता सुभाष मिश्रा का पोस्टमार्टम के बाद रविवार देर रात करीब 10 बजे शव गांव सुदईपुरवा पहुंचा। शव पहुंचते ही गांव में गम और आक्रोश का माहौल बन गया। किसी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए गांव में बड़ी संख्या में पुलिस बल व क्यूआरटी के जवान तैनात रहे। सोमवार सुबह पुलिस की मौजूदगी में सरयू कटरा घाट पर अधिवक्ता का अंतिम संस्कार किया गया। बड़े बेटे अधिवक्ता अभिषेक मिश्रा ने पिता को मुखाग्नि दी। इस दौरान छोटे बेटे अनुराग मिश्रा समेत परिवार की महिलाएं रो-बिलख रही थीं। कटरा घाट पर कटरा बाजार के विधायक बावन सिंह सहित लखनऊ हाईकोर्ट, गोंडा जिला न्यायालय सहित तहसील के अधिवक्ताओं समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। गांव में एहतियातन पुलिस बल तैनात है और प्रशासन हालात पर नजर बनाए हुए है।



सुदईपुरवा में अधिवक्ता के घर के बाहर तैनात पुलिस।

#### पुलिस ने तीन आरोपियों को दबोचा

हाईकोर्ट के अधिवक्ता सुभाष मिश्र की हत्या के बाद अधिवक्ताओं में आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने रात में कई ठिकानों पर छापेमारी की। हत्या में नामजद अभियुक्त में तीन को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय ने बताया कि हत्या के मामले में अभियुक्त हरिशरण मिश्र, रामकेवल मिश्र तथा संतोष कुमार मिश्र को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है जहां से तीनों को जेल भेज दिया गया।

#### सरकारी नौकरी और परिवार को 50 लाख मुआवजे की मांग

जमीनी विवाद में अधिवक्ता की हत्या के विरोध में बार एसोसिएशन करनैलगंज में सोमवार को आपात बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता अध्यक्ष श्यामधर शुक्ल ने की। इसमें अधिवक्ताओं ने घटना पर कड़ा रोष व्यक्त करते हुए आरोपितों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। बैठक में कहा गया कि पूर्व महामंत्री एवं वरिष्ठ अधिवक्ता सुभाष चंद्र मिश्रा की हत्या से अधिवक्ता समाज आक्रोशित है। अधिवक्ताओं ने प्रशासन से तत्काल प्रभावी कार्रवाई करते हुए दोषियों को गिरफ्तार कर कड़ी सजा दिलाने की मांग की। बार एसोसिएशन की ओर से मुख्यमंत्री को सम्बोधित चार सूत्री मांगपत्र एसडीएम नेहा मिश्रा को सौंपा गया। इसमें मृतक अधिवक्ता के परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने, परिवार को 50 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान करने, दोषियों के खिलाफ गैंगस्टर व रासुका की कार्रवाई करने तथा अधिवक्ता सुरक्षा अधिनियम को लागू करने की मांग की गई है। अधिवक्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन तेज किया जाएगा। बैठक में बड़ी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहे।

#### साथी की हत्या पर शोक सभा आयोजित

अधिवक्ता साथी की हत्या की सूचना के बाद बार एसोसिएशन करनैलगंज में शोक की लहर दौड़ गई। सोमवार को हुई बैठक में अधिवक्ताओं ने दुख व्यक्त करते हुए न्यायिक कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया। अध्यक्ष श्यामधर शुक्ल व महामंत्री पवन कुमार शुक्ल की ओर से आयोजित शोक सभा में अधिवक्ता साथी सुभाष चंद्र मिश्रा के दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। साथ ही मृतक के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की गई।

## 8 वर्ष के अजहान ने रखा पहला रोजा, मांगी सलामती की दुआ

**गोंडा, अमृत विचारः** पाक मुकद्दस रमजान के पहले अशरे में अजहान (8) ने पहला रोजा रखकर अल्लाह को राजी कर मुल्क की खुशहाली और तरक्की के लिए दुआएं मांगीं। विकासखंड बभनजोत के अंतर्गत मजरा भावपुर निवासी इन्तिखाब अहमद सिद्दीकी के पुत्र अजहान ने 8 साल की उम्र में रमजान मुबारक का पहला रोजा रखा। अजहान सेहरी में परिवार के साथ उठकर सहरी किया। पूरे दिन का रोजा मुकम्मल किया। साथ ही साथ पांचो वक्त की नमाज भी अदा की और कुरान शरीफ की तिलावत की। विभिन्न व्यंजनों से सजे दस्तरखान सजाकर परिवार के साथ रोजा इफ्तार किया और अल्लाह से मुल्क की खुशहाली और तरक्की के लिए दुआएं मांगी। जब अजहान से इस बारे में पूछा गया कि क्या दिन भर भूख प्यास नहीं लगी तो उन्होंने खुशी भरे लहजे में कहा कि मुझे दिन भर एहसास भी नहीं हुआ कि मैं भूखा हूं। पहला रोजा मुकम्मल करके अजहान बहुत खुश थे। अजहान को मुबारकबाद देने वालों में दादा फसीहुद्दीन अहमद सिद्दीकी व परिजनों ने बधाइयां दी।



रोजा के दौरान दुआ मांगते अजहान।

### अतिक्रमण व नाले पर कब्जे के खिलाफ वकीलों का ज्ञापन



मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देते अधिवक्ता। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स की आपात बैठक जिलाध्यक्ष वीरेंद्र त्रिपाठी एडवोकेट की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में शहर में बढ़ती अव्यवस्थाओं और अवैध निर्माण के मुद्दों पर चर्चा करते हुए जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में कहा गया है कि शहर के भीतर लगातार नए मॉल खुल रहे हैं, जबकि कई पूर्व में संचालित मॉल भी निर्धारित मानकों का पालन नहीं कर रहे हैं। आरोप है कि ये मॉल संबंधित विभागों से विधिवत अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लिए बिना संचालित हो रहे हैं। यह भी आरोप लगाया कि मॉल के पास दर्शाई गई पार्किंग स्थलों पर दुकानों का संचालन किया जा रहा है, जिससे प्रतिदिन जाम लग रहा है। गुरुनानक चौराहे से मवैय्या तालाब होते हुए बस अड्डे के बगल से सरजू प्रसाद कन्या पाठशाला के पास स्थित तालाब तक जाने वाले नाले पर अतिक्रमण का मुद्दा भी उठाया गया। संगठन ने अतिक्रमण हटवाने की मांग की है। ज्ञापन पर प्रांतीय सचिव दीनानाथ त्रिपाठी एडवोकेट सहित अन्य अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर हैं।

## आपसी समन्वय से मनायें त्योहार:डीएम

**पीस कमेटी की बैठक**

गोंडा, कार्यालय

**अमृत विचार :** आगामी त्योहारों को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से सोमवार को जिला पंचायत सभागार में सेन्ट्रल पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता डीएम प्रियंका निरंजन ने की, जबकि एसपी विनीत जायसवाल भी मौजूद रहे।

डीएम प्रियंका निरंजन ने कहा कि त्योहार भाईचारे और सद्भाव का प्रतीक हैं। सभी लोग आपसी समन्वय के साथ त्योहार मनाएं और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि साफ-सफाई, पेयजल, विद्युत की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।




पीस कमेटी की बैठक में मौजूद जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक। ● अमृत विचार

एसपी ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना प्रशासन की प्राथमिकता है। किसी भी प्रकार की अराजकता, हुड़दंग या माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट साझा न करें और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दें। बैठक में विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु, जनप्रतिनिधि, व्यापार मंडल के पदाधिकारी एवं नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने त्योहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने का संकल्प लिया। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि त्योहारों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रहेगी तथा संवेदनशील स्थलों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा।

## सदाशिव बाजार में एक ही रात 3 दुकानों में चोरी

**इटियाथोक, गोंडा, अमृत विचार :** सदाशिव बाजार में बीती रात चोरों ने तीन दुकानों को निशाना बनाया। पहली घटना ग्राम जहंदरिया निवासी प्रशांत द्विवेदी की इलेक्ट्रॉनिक व मोबाइल की दुकान में हुई। पीड़ित के अनुसार, रविवार रात वह दुकान बंद कर घर चले गए थे। देर रात चोरों ने दुकान का शटर काटकर अंदर रखे करीब छह हजार रुपये व नए मोबाइल फोन चुरा लिए। दूसरी घटना तौकीर की पान दुकान में हुई, जहां चोरों ने ताला तोड़कर लगभग दो हजार की नकदी पर हाथ साफ कर दिया। तीसरी वारदात राजकुमार भुजा वाले के घर व दुकान में हुई, जो एक ही स्थान पर संचालित है। चोरों ने सेंध लगाकर लगभग 30 हजार रुपये नगद, एक सोने का मंगलसूत्र, आठ नग चांदी के बिछुए और एक जोड़ी चांदी की पायल चोरी कर ली।

## बहू भोज के दौरान मारपीट व चाकूबाजी, तीन नामजद

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के दुल्लापुर खास गांव में रविवार शाम आयोजित बहू भोज कार्यक्रम के दौरान अचानक विवाद भड़क उठा और मामला मारपीट से होते हुए चाकूबाजी तक पहुंच गया। घटना में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दुल्लापुर खास निवासी चंचल तिवारी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनके घर पर बहू भोज का आयोजन था, जिसमें रिश्तेदार अंकुर पाठक भी शामिल होने आए थे। कार्यक्रम के दौरान गांव के ही मोहित तिवारी, अमोल तिवारी और राजू तिवारी से किसी बात को लेकर अंकुर की कहासुनी हो गई। आरोप है कि विवाद ने उग्र रूप ले लिया और तीनों आरोपियों ने अंकुर के साथ मारपीट शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्थिति संभलने से पहले ही आरोपितों ने कथित रूप से चाकू निकाल लिया और अंकुर पर वार कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गया । घायल युवक को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने उसकी हालत गंभीर बताई है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि पीड़ित पक्ष की तहरीर के आधार पर तीनों नामजद आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है। घटना के बाद गांव में तनाव की स्थिति बनी हुई है।

### सपा कार्यकर्ताओं ने मनायी संत गाडगे की जयंती



संत गाडगे की जयंती मनाते सपा कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय में संत शिरोमणि गाडगे की जयंती जिला अध्यक्ष अरशद हुसैन के नेतृत्व में श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ संत गाडगे के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। इस दौरान जिला महासचिव राजेश यादव, जिला प्रवक्ता जावेद अख्तर मंटू, विधानसभा अध्यक्ष शिव संपत सिंह, हाजी मोहम्मद जकी, अजय कुमार गौतम, सुरेंद्र पासवान, शहान अख्तर राइनी, मोहम्मद अफजल खां, राजेश दीक्षित, राजेश मिश्रा, साहब राम यादव, जितेंद्र नाथ सप्पू, नंद कुमार आनंद, मो. यूसुफ, परवेज सलमानी, बृजेश यादव, शाहिद खान, सुभाष चंद्र गौतम, शब्बीर, हीरा लाल सागर, अली अहमद वारसी, नरेंद्र याद आदि मौजूद रहे।

## निमंत्रण पत्र बांटने जा रहे युवक की दुर्घटना में मौत

- बाइक से रिश्तेदार के घर बहराइच जा रहा था

गोंडा, कार्यालय

**अमृत विचार :** दोस्त के साथ निमंत्रण कार्ड देने जा रहा युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई, जबकि साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए उसे बहराइच के अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे बेहतर इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया गया है। घटना से घर में कोहराम मच गया है। शादी की खुशियां मातम में बदल गयीं।

कटरा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम गांव डुंडही मौजा असरना गांव के रहने वाले अंकित की बहन की शादी है। वह शादी का कार्ड देने के लिए बाइक से बहराइच अपने रिश्तेदार के घर जा रहा था। उसके साथ गांव का ही रोहित कश्यप (22) पुत्र नारायण कश्यप भी था।

बताया जाता है कि पयागपुर थाना अंतर्गत कैथोला-भिनगा रोड पर सड़क दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में मौके पर ही रोहित कश्यप की मौत हो गई, जबकि अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया।

अंकित को स्थानीय लोगों ने बहराइच के अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे लखनऊ रेफर कर दिया है। दुर्घटना की जानकारी मिलने पर गांव में कोहराम मच गया है। पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।

## लटकते बिजली के तार से हादसे की आशंका

**गोंडा, अमृत विचार :** शहर के रानी बाजार मोहल्ले में बिजली का तार काफी नीचे लटका होने से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। मुख्य मार्ग से गुजरने वाले इस तार के नीचे से राहगीर, स्कूली बच्चे और दोपहिया वाहन चालक प्रतिदिन आवागमन करते हैं। तार के अत्यधिक नीचे होने से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

मोहल्लावासियों का कहना है कि कई दिनों से यह समस्या बनी हुई है, लेकिन बिजली विभाग के जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि यदि समय रहते तार को ऊंचा नहीं कराया गया तो कोई अप्रिय घटना घट सकती है।

क्षेत्रवासियों ने विद्युत विभाग से तार को सुरक्षित ऊंचाई पर कराने तथा ढीले तारों को दुरुस्त करने की मांग की है।

## काली पट्टी बांधकर पढ़ाएंगे शिक्षक

**गोंडा, अमृत विचार :** टीचर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के बैनर तले टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ सोमवार को शिक्षक संगठनों ने बांह पर काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने ऐलान किया कि टीईटी अनिवार्य किए जाने के विरोध में शिक्षक एकजुट हैं और इसके वापस होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

सुप्रीम कोर्ट ने परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों के लिए टीईटी उत्तीर्ण करना अनिवार्य किया है। इस निर्णय के विरोध में प्रदेश भर के शिक्षक संगठनों में रोष व्याप्त है। इसी क्रम में 15 फरवरी को लखनऊ में उत्तर प्रदेश के चारों मान्यता प्राप्त शिक्षक संगठनों की संयुक्त बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ, उत्तर प्रदेशीय जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संघ, महिला शिक्षक संघ के पदाधिकारी उपस्थित रहे, जबकि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर



काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन करते शिक्षक। ● अमृत विचार

सिंह ऑनलाइन माध्यम से बैठक में शामिल हुए थे। बैठक में इस फैसले के खिलाफ आंदोलन की रणनीति तैयार की थी। आंदोलन के पहले चरण में रविवार को शिक्षकों ने ट्विटर पर हैशटैग अभियान चलाया था। वहीं सोमवार को शिक्षकों ने अपनी बांह पर काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष आनंद त्रिपाठी ने कहा कि टीईटी अनिवार्यता के खिलाफ शिक्षक 23 से 25 फरवरी तक काली पट्टी बांधकर शिक्षण कार्य करेंगे। 26 फरवरी को दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक बीएसए कार्यालय पर धरना दिया जायेगा। बीएसए कार्यालय से डीएम कार्यालय तक पैदल मार्च कर प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। मार्च के तीसरे सप्ताह में नई दिल्ली में महारैली आयोजित कर भारत सरकार को ज्ञापन सौंपा जाएगा। उन्होंने कहा कि जब तक टीईटी की अनिवार्यता संबंधी आदेश वापस नहीं लिया जाता, तब तक आन्दोलन जारी रहेगा।

### एंटी रोमियो स्क्वायड ने महिलाओं को किया जागरूक



छात्राओं को जागरुक करती महिला पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** एंटी रोमियो स्क्वायड टीमों ने विभिन्न थाना क्षेत्रों में गांव, कस्बों एवं सार्वजनिक स्थलों पर चौपाल लगाकर महिलाओं और बालिकाओं से सीधा संवाद स्थापित किया। महिला पुलिसकर्मियों ने महिलाओं, बालिकाओं को साइबर अपराध से बचाव, आत्मरक्षा के उपाय, कानून द्वारा प्रदत्त अधिकारों एवं महिला सशक्तिकरण से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। साथ ही उनकी व्यक्तिगत एवं सामाजिक समस्याओं को सुनकर समाधान का भरोसा दिलाया गया।

### मनीष अध्यक्ष व फैय्याज अहमद मंत्री निर्वाचित




चुनाव के दौरान मौजूद लेखपाल संघ के पदाधिकारी एवं अन्य। ● अमृत विचार

**करनैलगंज, गोंडा, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ की तहसील इकाई का चुनाव सोमवार को तहसील सभागार में सम्पन्न हुआ। चुनाव में मनीष कुमार शुक्ल अध्यक्ष निर्वाचित हुए, जबकि फैय्याज अहमद खान मंत्री पद पर निर्विरोध चुने गए। संघ के जिला मंत्री दीपक त्रिपाठी ने बताया कि कुल सात पद निर्धारित थे। अध्यक्ष पद के लिए बृजेश कुमार व मनीष कुमार शुक्ल के बीच मुकाबला हुआ। कुल 86 मतदाताओं में से 76 ने मतदान किया। मतगणना में मनीष कुमार शुक्ल को 40 व बृजेश कुमार को 36 मत मिले। चार मतों से विजयी घोषित किया गया। अन्य पदों पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष आदित्य पाण्डेय, कनिष्ठ उपाध्यक्ष विष्णु प्रकाश शुक्ल, मंत्री फैय्याज अहमद खान, उप मंत्री ललित कुमार शुक्ल, कोषाध्यक्ष वासुदेव यादव तथा ऑडिटर प्रवीण कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुए। मंत्री पद के एक प्रत्याशी धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने सहमति से नाम वापस ले लिया था। चुनाव के दौरान जयप्रकाश वर्मा, हीरामणि मिश्र, करुणेश कुमार, राम बहादुर पाण्डेय सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

**मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद** | देवीपाटन मंडल मुख्यालय स्थित मंडलायुक्त कार्यालय में 12 प्रकरणों की हुई सुनवाई

## महिलाओं की सुरक्षा व सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता : आयुक्त

गोंडा कार्यालय

**अमृत विचार :** देवीपाटन मंडल मुख्यालय स्थित मंडलायुक्त कार्यालय में सोमवार को मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आयुक्त द्वारा की गई। इस अवसर पर आयुक्त ने कहा कि महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सर्वोच्च प्राथमिकता है।

महिलाओं के लिए प्रत्येक सोमवार आयोजित इस विशेष जनसुनवाई में कुल 12 प्रकरणों की सुनवाई की गई। पीड़ित महिलाओं ने अपनी व्यक्तिगत, सामाजिक और कानूनी समस्याएं सीधे आयुक्त के समक्ष रखीं। आयुक्त ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक निर्देश दिए। उमरी बेगमगंज थाना क्षेत्र की मीरा देवी ने गांव के कुछ लोगों पर गाली-गलौज, मारपीट करने के प्रयास का आरोप लगाया। पीड़िता ने बताया कि न तो प्राथमिकी दर्ज की गई और न ही मेडिकल कराया गया। इस पर आयुक्त ने तत्काल जांच कर कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्रावस्ती के भिनगा की एक महिला ने अपने पति की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत का मामला उठाया। उसने हत्या की आशंका जतायी। आयुक्त ने मामले की गंभीर जांच कर विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए। करनैलगंज क्षेत्र की एक महिला ने भूमि धोखाधड़ी का प्रकरण प्रस्तुत किया। तरबगंज क्षेत्र की पम्मी तिवारी ने बैनामे की भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत की। राजस्व नाप के बाद भी कब्जा न हटने पर आयुक्त ने राजस्व व पुलिस विभाग को संयुक्त कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि लापरवाही किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।




महिलाओं की समस्या सुनते आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील। ● अमृत विचार

## सफाई व्यवस्था ध्वस्त होने से ग्रामीणों में रोष

**गोंडा, अमृत विचार, अमृत विचार :** विकासखंड पंडरी कृपाल क्षेत्र के केवलपुर में सफाई व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। मुख्य सड़कों, नालियों और सार्वजनिक स्थानों पर कूड़े के ढेर लगे हैं,। नालियां चोक होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है, जिससे संक्रामक रोगों का खतरा बढ़ गया है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सफाईकर्मी नियमित रूप से गांव नहीं आते। कई बार शिकायत किए जाने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। बच्चों और बुजुर्गों को सबसे अधिक दिक्कत उठानी पड़ रही है।ग्रामीणों ने प्रशासन से अविलंब सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने और नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित करने की मांग की है।

# शत-प्रतिशत वित्तीय लक्ष्य हासिल करने के निर्देश

## प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने की विकास कार्यों, कल्याणकारी योजनाओं व कानून व्यवस्था की समीक्षा

संवाददाता, बलरामपुर

**अमृत विचार :** एक दिवसीय जनपद भ्रमण पर पहुंचे प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने बलरामपुर में विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कानून व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने जनपद की प्रगति पर संतोष जताते हुए शेष वित्तीय वर्ष में बजट का समुचित उपयोग कर शत-प्रतिशत वित्तीय लक्ष्य प्राप्त करने के निर्देश दिए।



कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में मौजूद प्रभारी मंत्री व अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री युवा उद्यमी अभियान, तुलसीपुर में रेल उपरिगामी सेतु निर्माण, जिला चिकित्सालय में 100 शैय्या क्रिटिकल केयर इकाई, पीएम किसान सम्मान निधि, मनरेगा, प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजनाएं, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, संचारी रोग नियंत्रण अभियान, वृक्षारोपण और आईजीआरएस पोर्टल की प्रगति पर चर्चा हुई।

जल जीवन मिशन के कार्यों में सड़कों को अनावश्यक रूप से न काटने तथा क्षतिग्रस्त मार्गों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए। प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के तहत पात्र लगभग 41 हजार आवासों का लक्ष्य समयबद्ध पूरा करने पर जोर दिया गया।

युवा रोजगार योजनाओं में बैंक समन्वय बढ़ाने, लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करने तथा स्वयं सहायता समूहों को जोड़ने के निर्देश भी दिए गए। जनसुनवाई और शिकायत निस्तारण में गुणवत्ता व समयबद्धता सुनिश्चित करने को कहा गया।

बैठक में प्रमुख रूप से विधायक पल्टूराम, विधायक कैलाश नाथ शुक्ला, जिलाध्यक्ष रवि मिश्रा, जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारी उपस्थित रहे।

# केसीसी योजना के तहत 3.5 करोड़ का कृषि ऋण वितरित

**रुपईडीह, अमृत विचार।** पिछले एक सप्ताह में किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत उ प्र ग्रामीण बैंक की शाखा आर्यनगर ने 108 किसानों के खातों का नवीनीकरण कर तीन करोड़ 50 लाख रुपए का ऋण वितरित किया। इस संबंध में शाखा प्रबंधक अंबुज मणि त्रिपाठी ने बताया कि इसी क्रम में बकाया वसूली अभियान के तहत किसान क्रेडिट कार्ड योजना के तहत 18 किसानों से 25 लाख 50 हजार रुपए का ऋण वसूल किया गया। इस अवसर पर सहायक शाखा प्रबंधक राजीव कुमार व अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# डीएम ने परीक्षा केंद्र का किया निरीक्षण



परीक्षा केंद्र का निरीक्षण करते डीएम और अन्य अधिकारी। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार :** बोर्ड परीक्षाओं को निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने एम.पी.पी. इंटर कॉलेज स्थित परीक्षा केंद्र का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने परीक्षा संबंधी तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सर्वप्रथम परीक्षा केंद्र के कंट्रोल रूम का निरीक्षण कर निगरानी प्रणाली, सीसीटीवी व्यवस्था एवं अभिलेखों की समीक्षा की। उन्होंने उत्तर पुस्तिका संकलन कक्ष का भी अवलोकन किया और उत्तर पुस्तिकाओं के सुरक्षित रख-रखाव तथा समयबद्ध संकलन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाएं शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप हों, परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए तथा परीक्षा से संबंधित सभी प्रोटोकॉल का कड़ाई से पालन किया जाए। निरीक्षण के दौरान संबंधित प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे।

# 15.54 करोड़ रुपये का गन्ना भुगतान जारी किसानों के खातों में भेजी गई धनराशि

**बलरामपुर, अमृत विचार :** बलरामपुर चीनी मिल्स लि., बलरामपुर ने पेराई सत्र 2025-26 में खरीदे गए गन्ने का भुगतान जारी कर दिया है। मिल प्रबंधन के अनुसार 11 फरवरी से 13 फरवरी 2026 तक (तीन दिन) क्रय किए गए गन्ने का कुल 1554.71 लाख रुपये का भुगतान 23 फरवरी 2026 को सीधे किसानों के बैंक खातों में प्रेषित कर दिया गया है। मिल के अधिशासी अध्यक्ष के.के. बाजपेई ने कहा कि मिल प्रबंधन किसानों की समृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पूर्व वर्षों की तरह इस सत्र में भी गन्ना मूल्य भुगतान के मामले में मिल प्रदेश में अग्रणी स्थान बनाए रखेगी। उन्होंने किसानों से अपील की कि अच्छी पेड़ी वाले खेतों में को-15023, को-0118 तथा कोलख-14201 प्रजातियों की द्वितीय पेड़ी अवश्य रखें, ताकि कम लागत में बेहतर उत्पादन और अधिक पैदावार प्राप्त हो सके। साथ ही कृषकों से यह भी अनुरोध किया गया है कि मिल को साफ-सुथरा, जड़-पत्ती व अगोला रहित तथा ताजा गन्ना ही आपूर्ति करें। निर्धारित पर्ची की वैधता तिथि के भीतर गन्ना आपूर्ति करने से बेसिक कोटा में वृद्धि का लाभ भी मिल सकेगा।

# बेटे से झड़प में घायल पिता की इलाज के दौरान मौत

संवाददाता, पचपेड़वा, बलरामपुर

**अमृत विचार :** थाना पचपेड़वा क्षेत्र के ग्राम पंचायत बसंतपुर में रविवार रात पारिवारिक विवाद ने भयावह रूप ले लिया। खाने-पीने को लेकर हुए विवाद में पिता की गंभीर चोट लगने के बाद इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना रविवार रात करीब 10 बजे की बताई जा रही है।

जानकारी के अनुसार सत्तन उर्फ राजमन (40 वर्ष) का अपने पिता राम लखन (65 वर्ष) से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। देखते ही देखते कहासुनी मारपीट में बदल गई, जिसमें राम लखन गंभीर रूप से घायल हो गए। परिजन उन्हें तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पचपेड़वा ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां से भी स्थिति नाजुक होने पर उन्हें बहराइच भेजा गया, जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई। थाना पचपेड़वा के प्रभारी निरीक्षक ओपी चौहान ने बताया कि मामले की सूचना पुलिस को प्राप्त हुई है, लेकिन अभी तक तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुट गई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जनगणना कराने की तैयारी में जुटा प्रशासन

**गोंडा, अमृत विचार :** 15 साल बाद जनगणना कराने के लिए प्रशासन ने तैयारी शुरू कर दी है। सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में जनगणना से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य आगामी जनगणना कार्यों को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं समयबद्ध ढंग से संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी गई।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारी व डीएम। ● अमृत विचार

हर दस वर्ष पर होने वाली जनगणना कोविड के कारण 2021 में नहीं हो पाई थी। वर्ष 2011 में हुई जनगणना में गोंडा जिले की आबादी 3431386 थी। जबकि 2001 में 27 लाख 65 हजार थी। यानि हर दस वर्ष पर करीब 7 लाख की आबादी में बढ़ोतरी दर्ज की गई थी। मौजूदा समय आंकलन के अनुसार गोंडा जिले की आबादी करीब 46 लाख है। शासन के निर्णय के अनुसार जनगणना का कार्य 2027 तक पूरा करना है। इसके लिए अभी से तैयारी शुरू हो गई है। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने जनगणना के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं है, बल्कि यह शासन की नीतियों, योजनाओं एवं विकास कार्यों की आधारशिला है। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनगणना कार्य को पूर्ण गंभीरता, निष्ठा एवं उत्तरदायित्व के साथ संपादित करें। प्रशिक्षण अधिकारी ने जनगणना की प्रक्रिया, प्रपत्रों के सही तरीके से संधारण, डिजिटल उपकरणों के उपयोग तथा डेटा की गोपनीयता बनाए रखने के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उपस्थित अधिकारियों को जनगणना के दौरान आने वाली संभावित चुनौतियों एवं उनके समाधान के बारे में भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों से अपेक्षा की कि वे जनगणना कार्य को टीम भावना के साथ सफलतापूर्वक संपन्न कर जनपद को उत्कृष्ट प्रदर्शन की श्रेणी में लाने में सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी आलोक कुमार, उपजिलाधिकारी तरबगंज, तहसीलदार गोण्डा सदर, तहसीलदार तरबगंज, तहसीलदार मनकापुर, समस्त अधिशासी अधिकारी नगरपालिका एवं नगर पंचायत सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पचपेड़वा थाने में हुई पीस कमेटी की बैठक



पीस कमेटी की बैठक में मौजूद लोग। ● अमृत विचार

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार :** होली एवं ईद-उल-फितर त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से पचपेड़वा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता उपजिलाधिकारी तुलसीपुर तथा क्षेत्राधिकारी तुलसीपुर डॉ. जितेन्द्र कुमार ने की। इसमें ग्राम प्रधानों, धर्मगुरुओं, डीजे संचालकों, ग्राम प्रहरियों एवं क्षेत्र के संभ्रांत लोगों ने भाग लिया। बैठक में डीजे संचालकों को शासन के मानकों के अनुरूप ध्वनि प्रसारण करने और किसी प्रकार के अभद्र या भड़काऊ गीत न बजाने की अपील की गई। उपस्थित जनसमुदाय को त्योहारों को आपसी भाईचारे और सद्भाव के साथ मनाने तथा अफवाहों पर ध्यान न देने के लिए जागरूक किया गया। युवाओं को विशेष रूप से सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट या टिप्पणी से बचने की सलाह दी गई। किसी भी विषम परिस्थिति में तत्काल डायल 112 या स्थानीय थाने को सूचना देने के निर्देश दिए गए। शासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सभी से मिलजुलकर त्योहार मनाने की अपील की गई। बैठक में थाना प्रभारी ओमप्रकाश चौहान सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अब गांव में बनेगा आधार कार्ड

संवाददाताा, बलरामपुर

**अमृत विचार :** ग्रामीणों को सुलभ और पारदर्शी डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में प्रशासन ने अहम पहल की है। जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन एवं मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में पंचायती राज विभाग द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर आधार सेवाओं के विस्तार का कार्य तेज़ी से शुरू कर दिया गया है।

पायलट प्रोजेक्ट के तहत प्रथम चरण में 07 पंचायत सहायकों को आधार सेवा केंद्र संचालन के लिए आवश्यक उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। इस पहल का उद्देश्य डिजिटल इंडिया की अवधारणा को जमीनी स्तर तक पहुंचाना है, ताकि ग्रामीणों को आधार कार्ड बनवाने या संशोधन के लिए तहसील अथवा जिला मुख्यालय न जाना पड़े। अब पंचायत सचिवालयों में ही आधार पंजीकरण और अपडेट की सुविधा मिलने से समय, धन और श्रम की बचत होगी। प्रशासन द्वारा चयनित पंचायत सहायकों को कंप्यूटर सीपीयू, वेबकैम सहित आवश्यक मशीनें उपलब्ध कराई गई हैं तथा शीघ्र सेवा शुरू करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रथम चरण में विकासखंड बलरामपुर की लालनगर, भगवतपुर, मिर्जापुर व सिरसिया; रेहरा बाजार की गुमाफात्मा जोत; तथा तुलसीपुर की सुदर्शन जोत एवं नौव्वा ग्राम पंचायतों को शामिल किया गया है। आगामी चरणों में अन्य पंचायतों को भी इस सुविधा से जोड़ा जाएगा, जिससे पूरे जिले में डिजिटल सेवाओं का सशक्त नेटवर्क तैयार हो सके। यह पहल ग्रामीण डिजिटल सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

● पंचायत सचिवालयों से मिलेगी डिजिटल पहचान की सुविधा

# पशुओं का बनेगा डिजिटल रिकॉर्ड

**गोंडा, अमृत विचार :** जिले के लाखों पशुधन का अब डिजिटल डाटाबेस तैयार किया जाएगा। पशुपालन विभाग की ओर से एनडीएलएम पोर्टल पर डाटा फीडिंग की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। शासन के निर्देश पर गांव-स्तर पर सर्वे अभियान चलाने की तैयारियां तेज कर दी गई हैं।

● एनडीएलएम पोर्टल पर दर्ज होगा पूरा ब्योरा

20 वीं पशुगणना के आंकड़ों के मुताबिक जिले में करीब दस लाख से अधिक गोवंश हैं। इन सभी पशुओं का विवरण से ऑनलाइन दर्ज किया जाएगा। प्रत्येक पशु की पहचान सुनिश्चित करने के लिए उसका फोटो लिया जाएगा तथा ईयर टैग नंबर अंकित किया जाएगा। अभियान के तहत पशु चिकित्सक, पशुधन प्रसार अधिकारी और विभागीय कर्मचारी गांव-गांव जाकर सर्वे करेंगे। कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण, उपचार, पशुधन बीमा, जन्म और मृत्यु से संबंधित जानकारियां नियमित रूप से अपडेट की जाएंगी। इससे यह स्पष्ट रहेगा कि किस पशु को कौन-सा टीका लगा है और कौन-सी योजना का लाभ लंबित है। डिजिटल रिकॉर्ड से योजनाओं में पारदर्शिता आएगी और लाभ वितरण में दोहराव की समस्या समाप्त होगी।

**दो चरणों में होगा कार्य :** पहले चरण में पशुओं की पहचान, फोटो, ईयर टैग, नस्ल व अन्य विवरण दर्ज किए जाएंगे। दूसरे चरण में टीकाकरण, बीमा, जन्म-मृत्यु आदि का विवरण अपडेट किया जाएगा। ब्लॉकवार अभियान चलाकर डाटा फीडिंग की जाएगी। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. शशि कुमार शर्मा ने बताया कि शासन के निर्देश पर डिजिटल रिकॉर्ड तैयार किया जा रहा है। इससे योजनाओं की प्रगति पर निगरानी रखने और पशुपालकों को समय पर लाभ पहुंचाने में मदद मिलेगी।

# विजेताओं को मेडल-ट्रॉफी से नवाजा गया



विजेताओं को सम्मानित करते अतिथि।

**बलरामपुर अमृत विचार :** विकास खंड रेहरा बाजार अंतर्गत स्थित राम बल यादव इंटर कॉलेज में आयोजित तीन दिवसीय क्षेत्रीय वार्षिक खेल प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों को भव्य सम्मान समारोह में मेडल, ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में छात्र-छात्राओं के उत्साह और अभिभावकों की मौजूदगी ने कार्यक्रम को गरिमामय बना दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दुर्गेश सिंह थाना अध्यक्ष, रेहरा बाजार व भाजपा नेता भारतनरेश सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है। खेलकूद विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है और विद्यालय द्वारा इस प्रकार के आयोजन सराहनीय हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य प्रत्याशी दिलीप कुमार वर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने भी शिक्षा और खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। विद्यालय के प्रबंधक राजेश यादव ने अतिथियों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार वर्मा ने किया। समारोह में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, प्रधान, शिक्षकगण, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# सड़क दुर्घटनाओं में तीन छात्रों समेत छह घायल

**रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र में सोमवार को अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में परीक्षा देकर घर लौट रहे तीन छात्रों समेत छह लोग घायल हो गए।

पहला हादसा थाना क्षेत्र के लखनऊ-गोंडा हाईवे पर कटियारा के पास हुआ। कस्बा रामनगर निवासी हरीश, आर्यन व अमित थाना मसौली क्षेत्र स्थित रफी मेमोरियल कॉलेज से हाईस्कूल की बोर्ड परीक्षा देकर बाइक से घर लौट रहे थे। कटियारा गांव के पास डंपर ने बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में तीनों छात्र घायल हो गए। पुलिस ने घायलों को सीएचसी पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद आर्यन और अमित की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। दूसरा हादसा महादेवा में हुआ। पिंटू पैदल सड़क से जा रहे थे। इसी दौरान ग्राम अम्बर सिंह पुरवा निवासी अंकुर बाइक से वहां पहुंचे। बाइक अनियंत्रित होकर पिंटू से जा टकराई, जिससे तीनों युवक घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां पिंटू की हालत गंभीर होने पर उसे भी जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# 2585 रुपये प्रति क्विंटल की दर से होगी गेहूं खरीद

गोंडा, कार्यालय

**अमृत विचार :** जनपद में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत गेहूं खरीद किसानों से 2550 प्रति क्विंटल की भाव से खरीदा जाएगा। खरीद को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर हैं। किसानों को उनकी उपज का वाजिब मूल्य दिलाने के उद्देश्य से शासन के निर्देशानुसार मार्च माह से गेहूं खरीद की जायेगी।

जिला प्रशासन ने खरीद एजेंसियों से प्रस्ताव मंगाकर तैयारियों को अंतिम रूप दे दिया है। जिले में गेहूं क्रय केंद्रों के संचालन के लिए कुल छह एजेंसियों से 100 केंद्र अनुमोदित हुए हैं। मूल्य समर्थन योजना के तहत इस बार मूल्य भी बढ़ाया गया है । मंडी समिति के 12, प्रादेशिक सहकारी संघ पीसीएफ के 19, प्रादेशिक उपभोक्ता सहकारी संघ पीसीयू के 42, उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी संघ यूपीएसएस के 22, भारतीय खाद्य निगम एफसीआई के 3 तथा अन्य के 2 क्रय केंद्र शामिल हैं। गेहूं खरीद से जुड़े अधिकारी लगातार प्रस्तावित केंद्रो पर जाकर आवागमन की सुविधा का जायजा ले रहे हैं। शासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि केंद्र ऐसी जगह ही स्थापित किया जाए जहां पर किसानों के वाहन आराम से पहुंच सकें।

● प्रस्तावित गेहूं क्रय केंद्रो का अधिकारी ले रहे हैं जायजा
100 केंद्र हुए हैं अनुमोदित

गेहूं खरीद को पारदर्शी एवं सुचारु ढंग से संचालित करने के लिए अपर जिलाधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया है। नोडल अधिकारी सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर क्रय केंद्रों पर तौल, बारदाना, भंडारण एवं भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे, ताकि किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

खरीद के बाद भुगतान सीधे किसानों के बैंक खातों में किया जाएगा, जिससे बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो सके। जिला खाद्य विपणन अधिकारी एन.के. पाठक ने बताया कि गेहूं खरीद को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। एजेंसियों से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर ऐसे स्थानों पर क्रय केंद्र खोले जाएंगे, जहां किसानों और वाहनों की पहुंच आसान हो। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे गेहूं बिक्री के लिए समय रहते अपना पंजीकरण करा लें, ताकि खरीद के दौरान किसी प्रकार की परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि सभी एजेंसियों के प्रभारी लगातार प्रस्तावित केंद्र स्थल का निरीक्षण कर रहे हैं।

# ग्राम प्रधानों को डिजिटल दक्षता की सीख



ग्राम प्रधानों को प्रशिक्षण देते विशेषज्ञ। ● अमृत विचार

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** ग्रामीण विकास को तकनीकी मजबूती देने की दिशा में सोमवार से ब्लॉक सभागार में ग्राम प्रधानों के लिए दो दिवसीय डिजिटल साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रशिक्षण में प्रधानों को डिजिटल एवं फाइनेंशियल लिटरेसी से जोड़कर पंचायत कार्यों को अधिक पारदर्शी और प्रभावी बनाने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षक सरिता श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों को कंप्यूटर संचालन, आवश्यक सॉफ्टवेयर, इंटरनेट उपयोग तथा स्मार्टफोन आधारित एप्लिकेशन की जानकारी दी। प्रशिक्षक जुग्गी लाल शर्मा ने पंचायती राज विभाग के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। एडीओ पंचायत नंद कुमार ने कहा कि बदलते समय में डिजिटल दक्षता अनिवार्य हो गई है। उन्होंने ग्राम प्रधानों से अपील की कि वे तकनीकी संसाधनों का अधिकतम उपयोग कर पंचायतों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने में अग्रणी भूमिका निभाएं। प्रशिक्षण में प्रधान मनीष पाठक, अजय चौहान, पवन गौतम, कमलेंद्र पांडेय, संत बक्श यादव, मोहम्मद इबरार उर्फ चिन्ना, फरजान उल्ला, शफीक सहित अन्य जनप्रतिनिधि व कर्मचारी मौजूद रहे।

कार्यक्रम

संस्थापक सप्ताह में सृजनात्मक प्रतिभाओं की दिखी छटा, आशुकविता, मेहंदी व क्षणिकाएं प्रतियोगिता सम्पन्न

# छात्रों में रचनात्मकता और भाषाई दक्षता विकसित करती हैं प्रतियोगिताएं

**बलरामपुर अमृत विचार :** एमएलके पीजी महाविद्यालय, में आदि संस्थापक महाराजा पाटेश्वरी प्रसाद सिंह की स्मृति में आयोजित संस्थापक सप्ताह समारोह के दूसरे दिन सोमवार को आशुकविता, मेहंदी रचे हाथ तथा क्षणिकाएं प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।



विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागी व शिक्षक। ● अमृत विचार

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबंध समिति के सचिव कर्नल संजीव कुमार वार्ष्णेय ने किया। उन्होंने कहा कि आशुकविता प्रतियोगिता का उद्देश्य प्रतिभागियों की तात्कालिक रचनात्मकता, मौलिक चिंतन और तीव्र अभिव्यक्ति क्षमता को विकसित करना है। प्राचार्य प्रो. पाण्डेय ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में रचनात्मकता, त्वरित सोच और भाषाई दक्षता को सुदृढ़ करती हैं। मुख्य नियंता प्रोफेसर वीणा सिंह ने स्वागत किया तथा सांस्कृतिक निदेशक प्रोफेसर रेखा विश्वकर्मा ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन राष्ट्रीय कैडेट कोर के सहयोगी अधिकारी लेफ्टिनेंट (डॉक्टर) देवेन्द्र कुमार चौहान ने किया। आशुकविता प्रतियोगिता में "मेरे सपनों का नेता" विषय पर कविता लेखन एवं वाचन कराया गया, जिसमें शिक्षा स्नातक द्वितीय वर्ष की रंजना चौधरी और विज्ञान स्नातक द्वितीय वर्ष की रमा पाठक संयुक्त रूप से प्रथम रहीं। शिक्षा स्नातक प्रथम वर्ष के प्रशांत चौबे द्वितीय तथा रागिनी तृतीय स्थान पर रहीं। मेहंदी रचे हाथ प्रतियोगिता में कला स्नातकोत्तर द्वितीय वर्ष की सृष्टि प्रथम, कला स्नातक प्रथम की शाफिया द्वितीय तथा कला स्नातक तृतीय की प्रांजु तृतीय रहीं। पहचान विषय पर आयोजित क्षणिकाएं प्रतियोगिता में विज्ञान स्नातक तृतीय की छवि तिवारी और शिक्षा स्नातक प्रथम वर्ष की रागिनी संयुक्त रूप से प्रथम रहीं, जबकि हर्षिता गुप्ता द्वितीय एवं प्रशांत चौबे तृतीय स्थान पर रहे।

इस अवसर पर महाविद्यालय के अनेक प्राध्यापक, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**श्री राघव कॉलेज ऑफ़ लॉ एंड लीगल स्टडीज**
**खेमीपुर निधियावां, तारुन अयोध्या (उ०प्र०)**

आवश्यकता है

**प्रवक्ता विधि– 12 पद**

उक्त पदों हेतु यूजीसी/बीसीआई/डॉ राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित योग्यता के अनुसार अर्ह अभ्यर्थी इस विज्ञप्ति के प्रथम प्रकाशन के 21 दिन के भीतर अपना आवेदन स्व प्रमाणित योग्यता प्रमाण पत्रों के साथ उपरोक्त पते पर 100.00 रुपए का बैंक ड्राफ्ट सहित प्रेषित करें।

**प्रबंधक– 8009538258 ,6394721021**

न्यूज ब्रीफ

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**इकौना (श्रावस्ती) :** इकौना थाना क्षेत्र के कोटवा गांव निवासी मनोज कुमार (35) पुत्र राज किशोर शनिवार को बाइक से किसी काम से बहराइच के मानगढ़ चौबे पुरवा अपनी ससुराल गया था। जहां से वह देर शाम वापस घर आ रहा था। चमारन पुरवा गांव के पास पहुंचते ही विपरीत दिशा से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी। इससे मनोज गंभीर रूप से घायल हो गया। एम्बुलेंस से उसे सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया। जहां हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद उसे मेडिकल कालेज बहराइच रेफर कर दिया गया।

### किशोरी को भगाकर ले जाने वाला गिरफ्तार

**श्रावस्ती (श्रावस्ती) :** सिरसिया थाना क्षेत्र के गुलरा निवासी नईमुद्दीन पुत्र मोहम्मद सगीर 12 फरवरी को कोतवाली भिनगा क्षेत्र के एक गांव निवासी एक किशोरी को शादी का झासा देकर घर से भगा ले गया था। परिजनों की तहरीर पर कोतवाली भिनगा में आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया और आरोपी की तलाश की जा रही थी। रविवार को कोतवाली पुलिस ने आरोपी नईमुद्दीन को गुलरा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। गिरफ्तारी टीम में प्रभारी निरीक्षक राज प्रकाश सिंह, पतिझिया चौकी प्रभारी प्रेमानन्द व मुख्य आरक्षी रमेश चन्द गुप्ता शामिल रहे।

### भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव आज

**बहराइच।** संस्कृति एवं पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश तथा जिला प्रशासन, बहराइच के संयुक्त तत्वावधान में 24 फरवरी को सोहनी बलई गांव स्थित रामलीला ग्राउण्ड भीमराव अम्बेडकर पार्क में अपरान्ह 01:00 बजे से आयोजित 'भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव 2026' के अंतर्गत भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। उल्लेखनीय है कि भारत एवं नेपाल के मध्य ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं पारंपरिक संबंधों को और अधिक सशक्त एवं प्रगाढ़ बनाये जाने के उद्देश्य से प्रदेश 08 जनपदों में 16 से 28 फरवरी 2026 तक 'भारत-नेपाल मैत्री महोत्सव 2026' का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी देते हुए कार्यक्रम के नोडल अधिकारी निदेशक, उ.प्र. लोक एवं जनजाति संस्कृति संस्थान अतुल द्विवेदी बताते हैं कि कार्यक्रम में लोक गायन, भजन, लोक नृत्य, सूफी गायन, कत्थक नृत्य एवं मल्लखंभ लोक विधा सहित विविध रंगारंग प्रस्तुतियाँ दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगी।

### शिक्षकों को किया गया प्रशिक्षित

**पयागपुर (बहराइच) :** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान पयागपुर बहराइच में स्कूल रेडिनस फेस- 1 प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डाइट आशीष कुमार सिंह के निर्देशन में एक दिवसीय को - लोकेटेड आंगनबाड़ी केंद्र, बाल वाटिका में स्कूल रेडनेस फेज - 1 के संचालन में एक दिवसीय नोडल संकुल शिक्षक एवं आंगनवाड़ी सुपरवाइजर को आशीष कुमार प्रवक्ता डायट, एसआरजी सुधीर कुमार मल्होत्रा, राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार मिश्रा ने जनपद स्तरीय प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला समन्वयक (प्रशिक्षण) प्रदीप वर्मा तथा गोविंद किशोर प्रवक्ता डाइट ने किया। डायट प्राचार्य व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण में बाल वाटिका स्कूल रेडिनस क्या है इसके नियम तथा दैनिक साप्ताहिक एवं वार्षिक शिक्षण कार्य एवं गतिविधियों पर प्रकाश डाला गया। यहां साकेत भूषण तिवारी, अरुण अवस्थी, अभिषेक दीक्षित, राम मूर्ति शुक्ला, प्रभात सिंह, राकेश यादव, अतुल मिश्रा, सुपरवाइजर सपना मौर्या, लता मिश्रा आज शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

# सौहार्द के साथ मनाएं होली और रमजान

## शांति समिति की बैठक में जिलाधिकारी ने लोगों से की अपील, साफ-सफाई व निर्बाध विद्युत आपूर्ति के निर्देश

संवाददाता, बहराइच



सभ्रांत नागरिकों व अधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** होली, रमज़ान, अलविदा एवं ईद इत्यादि त्योंहारों को शान्ति पूर्ण माहौल में मनाये जाने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयोजित जिला शांति समिति की बैठक अत्यन्त सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिला प्रशासन के साथ साथ मौजूद सभी संभ्रान्त नागरिकों से अपील की गई कि होली, रमज़ान व ईद इत्यादि त्योंहारों को सौहार्द के साथ मनाया जाए।

जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने लोगों से अपील की कि जनपद के भाईचारगी की मिसाल को कायम रखें। उन्होंने कहा कि यह बेहद खुशी की बात है कि गंगा-जुमनी तहज़ीब के लिए जनपद अपनी मिसाल स्वयं है इसके लिए सभी सम्मानित नागरिक बधाई के पात्र हैं। डीएम ने सभी से अपील की कि होली, रमज़ान, अलविदा एवं ईद इत्यादि त्योंहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में हंसी खुशी के साथ मनायें। उन्होंने कहा कि त्योहार मनाते समय इस बात का भी ख्याल रखा जाय कि बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

डीएम ने कहा कि त्योहारों के अवसर पर शान्ति व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन की ओर से कोई कोताही नहीं बरती जायेगी। सभी एसडीएम व सीओ को अपने-अपने क्षेत्रों में पूरी सतर्कता बरतने, शान्ति समिति की बैठकें आयोजित कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। नगरीय व ग्रामीण क्षेत्रों में प्रत्येक स्थानों पर मजिस्ट्रेटों की तैनाती भी की जा रही है। उन्होंने सभी एसडीएम व सीओ को निर्देश दिया कि तहसील व थाना स्तर पर सम्पन्न होने वाली शान्ति समिति की बैठकों में जो भी बातें संज्ञान में आयी हैं उसका अनुपालन करा लें।

जिलाधिकारी ने कहा कि होली, रमज़ान, अलविदा एवं ईद इत्यादि त्योंहारों के अवसर पर समुचित साफ-सफाई, निर्बाध विद्युत आपूर्ति, पेयजल इत्यादि के लिए माकूल बन्दोबस्त किये जायेंगे।

वहीं पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह ने कहा कि जिले में त्यौहारों के अवसर पर गुड पुलिसिंग की व्यवस्था रहेगी। कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सजग व सतर्क है। सोशल मीडिया व असामाजिक तत्वों पर नज़र रखी जा रही है। होली समिति के 'अध्यक्ष दीपक प्रकाश सोनी उर्फ दाऊजी ने सभी मौजूद लोगों को होली की बधाई देते हुए जिला प्रशासन से होलिका दहन स्थलों पर समुचित साफ-सफाई, प्रकाश एवं जल की समुचित व्यवस्था कराए जाने तथा होली त्योहार के अवसर पर निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित कराए जाने का सुझाव दिया। उन्होंने जिला प्रशासन से यह भी अपेक्षा की कि पूर्व के वर्षों में जो भी छोटी मोटी घटनाएं हुई हैं उनका भी संज्ञान लेते हुए समय से आवश्यक प्रबन्ध किये जाएं। बैठक में मौजूद न.पा.परि. बहराइच के पूर्व अध्यक्ष तेजे खॉ, मौलाना इनायत उल्लाह कासमी, लड्डन नेता फखरपुर, रूमी मिंया, राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, जफर उल्लाह खां 'बन्टी' परशुराम कुशवाहा, आशीष कंसल सहित जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आये हुए संभ्रान्तजनों ने सुझाव दिये गये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी अमित कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद व नगर आशोक कुमार सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजेश प्रसाद, एसडीएम व पुलिस क्षेत्राधिकारी, सम्बन्धित विभागीय अधिकारी, नगर निकायों के अधिशासी अधिकारी, थानाध्यक्ष, धर्मगुरू, गणमान्य एवं संभ्रान्तजन तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

### मॉडल रोड के रूप में विकसित हों नगर की सड़कें

बहराइच । जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान एमएलसी डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी द्वारा सुझाव दिया गया कि यातायात सुरक्षा नियमों की जनजागरूकता के लिए विभिन्न शिक्षण संस्थाओं में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के बीच पैम्फलेट का वितरण कराया जाय तथा वाईस रिकार्डर के माध्यम से सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी प्रदान की जाए। जनपद में चिन्हित ब्लैक स्पॉट्स पर चर्चा के दौरान बताया कि कुल चिन्हित 36 ब्लैक स्पाट्स में 29 एनएएच, एनएचएआई से तथा शेष 07 ब्लैक स्पॉट्स पीडब्ल्यूडी, सीडी-1 से सम्बंधित हैं। बैठक में उपस्थित सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों द्वारा आश्वस्त किया गया कि आगामी बैठक से पूर्व सभी सुरक्षात्मक कार्य पूर्ण करा दिये जायेंगे। डीएम ने सभी सम्बन्धित को निर्देश दिया कि सुरक्षात्मक कार्यों को शीघ्र से शीघ्र पूरा कराएं। उन्होंने मॉडल रोड के रूप में नगर की सड़कें विकसित करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। वहीं हिट एण्ड रन से सम्बन्धित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान पाया गया कि 57 मामलों की जांच लम्बित हैं। डीएम ने उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिया कि जांचोपरान्त शीघ्र ही समस्त 57 प्रकरणों का निस्तारण किया जायेगा। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक उप जिलाधिकारी, क्षेत्राधिकारी पुलिस, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग प्रदीप कुमार एवं अमर सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी ओ.पी. सिंह, यात्रीकर अधिकारी अवधराज गुप्ता, सम्भागीय निरीक्षक (प्राविधिक)/मोटर वाहन निरीक्षक प्रदीप कुमार, अधि.अधि. नगर पालिका परिषद बहराइच प्रमिता सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# नेपाल में हुए हादसे में बहराइच के युवक की मौत, मचा कोहराम

संवाददाता, बहराइच

- काठमांडू जा रही यात्रियों से भरी बस नदी में गिरी



मनीष शुक्ला की फाइल फोटो।

**अमृत विचार।** पड़ोसी देश नेपाल में एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यात्रियों से भरी एक बस पोखरा से काठमांडू जा रही थी, तभी बेनिघाट क्षेत्र में अनियंत्रित होकर त्रिशूली नदी में गिर गई। हादसे में अब तक 20 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है। वहीं इस हादसे में बस में सवार जनपद बहराइच के नानपारा इलाके के रहने वाले एक युवक की भी मौत हो गई है। इसकी सूचना के बाद परिजनों में कोहराम मचा गया।

नानपारा कोतवाली क्षेत्र में ग्राम हाड़ा बसहरी निवासी 33 वर्षीय मनीष शुक्ला पुत्र रामपाल शुक्ला पड़ोसी देश नेपाल घूमने गए थे वो देर रात बस से काठमांडू जा रहे थे। इसी दौरान बस अनियंत्रित होकर त्रिशूली नदी में गिर गई। जिसके चलते मनीष की मौत हो गई। सोमवार को इसकी सूचना परिजनों के मिलने के बाद कोहराम मच गया।

परिवार के लोग शव को लेने के लिए नेपाल गए हैं मृतक नानपारा कस्बे में कापी किताब की दुकान करते था। अभी तक इसकी शादी नहीं हुई थी, परिवार में तीन भाइयों में सबसे छोटा था।

**बाइकों की भिड़ंत में युवक गम्भीर, मल्हीपुर(श्रावस्ती):** मुनहा बहराइच मार्ग स्थित मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बनगई के पास सोमवार दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। घटना में एक बाइक सवार कल्याणपुर निवासी आशीष कुमार मिश्रा (22) पुत्र देवीदयाल मिश्रा गंभीर रूप से घायल हो गया। वह बाइक से अपने मामा के यहां सागर गांव मारेला जा रहे थे। घटना के बाद दूसरा बाइक सवार वाहन सहित भागने में सफल रहा। गम्भीर रूप से घायल युवक को सीएचसी मल्हीपुर ले जाया गया है। यहां हालत गंभीर देख चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया है।

### यूजीसी के विरोध में आत्मदाह का प्रयास, हड़कंप

**संवादादाता (बहराइच) अमृत विचार।** यूजीसी कानून के विरोध में आज दोपहर जिलाधिकारी कार्यालय परिसर में अखंड भारत स्वदेशी अभियान के अध्यक्ष ने अपने कपड़े में आग लगा आत्मदाह का प्रयास किया। इस दौरान पास में खड़े लोगों ने आग बुझाई। वहीं इस घटना के बाद जिलाधिकारी कार्यालय में हड़कंप मच गय। अखंड भारत स्वदेशी अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुंवर दौहरा ने बीते दिनों जनपद में अलग अलग इलाकों में यू जी सी कानून के विरोध में पोस्टर लगा प्रधानमंत्री के इस्तीफे की मांग करते हुए आत्मदाह की चेतावनी दी थी। सोमवार दोपहर को वह अचानक जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच अपने कपड़ों में आग लगा ली, ये दिखे मौके पर हड़कंप मच गया। डीएम कार्यालय में पास में मौजूद लोगों ने आग बुझाई। घटना के बाद मौके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने उन्हें हिरासत में ले लिया है। उन्होंने कहा कि यू जी सी कानून सवर्ण समाज के लिए काला कानून है इसे वापस लिया जाना चाहिए।

### एम्स दिल्ली में सुधांशु को किया गया सम्मानित

**जरवल रोड (बहराइच)।** जरवल रोड बाजार निवासी राजधानी के होनहार छात्र सुधांशु गुप्ता ने दिल्ली में आयोजित प्रतिष्ठित 'नेशनल मोर्टालिटी सिम्पोजियम' में प्रथम स्थान प्राप्त कर क्षेत्र एवं विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। यह कार्यक्रम देश के शीर्ष चिकित्सा संस्थान ऑल इंडिया इंस्टिट्यूट ऑफ़ मेडिकल साइंस (एम्स) नई दिल्ली में आयोजित किया गया, जहां देश-विदेश के विशेषज्ञों और प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। लखनऊ विश्वविद्यालय के मास्टर इन पब्लिक हेल्थ पाठ्यक्रम के दो छात्र सुधांशु गुप्ता और सूरज पांडेय ने इस प्रतिष्ठित सेमिनार में प्रतिभाग किया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सुधांशु ने अपनी प्रतिभा, शोध प्रस्तुति और विश्लेषण क्षमता के दम पर प्रथम स्थान हासिल कर एलयू का परचम लहरा दिया। बताया जाता है कि 'नेशनल मोर्टालिटी सिम्पोजियम' में स्वास्थ्य क्षेत्र से जुड़े ज्वलंत मुद्दों पर शोधपत्र और विचार-विमर्श प्रस्तुत किए गए। सुधांशु की प्रस्तुति को निर्णायक मंडल ने सर्वश्रेष्ठ घोषित किया। उनकी इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय परिवार, शिक्षकों और सहपाठियों में हर्ष का माहौल है सुधांशु की सफलता को न केवल लखनऊ विश्वविद्यालय बल्कि जरवल रोड क्षेत्र वासियों तथा परिवरीजन संजय गुप्ता सन्नू गुप्ता विजय गुप्ता रामू गुप्ता संदीप गुप्ता आदि लोगों में खुशी का माहौल है।



एम्स में आयोजित सम्मान समारोह में सुधांशु गुप्ता।

### यादव जी की लव स्टोरी पर मचा घमासान

**बहराइच।** वेब सीरीज घूसखोर पंडत के बाद अब फिल्म यादव जी की लव स्टोरी को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। सोमवार को बड़ी संख्या में यदुवंशी समाज के लोगों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंच फिल्म को समाज विरोधी बताते हुए प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी की। यदुवंशी संगठन में जिला अध्यक्ष शिवा यादव के नेतृत्व में आज बड़ी संख्या में यादव समाज के लोग जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे इस दौरान सभी ने इस हफ्ते रिलीज होने वाली यादव जी की लव स्टोरी फिल्म को समाज को बदनाम करने के साथ छवि खराब करने वाला बताते हुए प्रदर्शन कर जमकर नारेबाजी करते हुए फिल्म के बायकॉट की बात कही। इस मौके पर जिला अध्यक्ष ने कहा कि फिल्म के निर्माताओं ने समाज की छवि धूमिल करने का कार्य किया है। इनकी गिरफ्तारी होनी चाहिए, अगर ये फिल्म रिलीज होगी तो इसके गंभीर परिणाम होंगे।

### श्रावस्ती के दो किसानों को मिला सम्मान

**मल्हीपुर( श्रावस्ती), अमृत विचार।** दुग्ध उत्पादन व पशुपालन के क्षेत्र में श्रावस्ती ने प्रदेश स्तर पर अपनी एक अलग पहचान बनाई है। जिले के दो प्रगतिशील किसानों को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। इस सम्मान समारोह में स्थानीय स्तर पर मौजूद अधिकारियों की उपस्थिति ने किसानों का उत्साह दोगुना कर दिया। जिले के प्रगतिशील किसान रामजी मिश्र को दुग्ध उत्पादन में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित 'गोकुल पुरस्कार' से सम्मानित किया गया है। वहीं, दुग्ध विकास की दिशा में विशेष नवाचार और बेहतर प्रबंधन के लिए शेर बहादुर सिंह को 'नंद बाबा पुरस्कार' प्रदान किया गया। यह पुरस्कार विशेष रूप से सीताद्वार दुग्ध समिति के लाभार्थियों को प्राप्त हुआ है, जो पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है। इस दौरान स्थानीय प्रभारी सामान्य प्रबंधक अनुज कुमार यादव व जय प्रकाश श्रीवास्तव मौजूद रहे। दोनों अधिकारियों ने विजेताओं को सम्मानित करते हुए उनके प्रयासों की सराहना की और इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए एक सकारात्मक संकेत बताया। प्रशासनिक अधिकारियों व स्थानीय प्रतिनिधियों ने रामजी मिश्र, शेर बहादुर सिंह सहित सीताद्वार दुग्ध समिति के सभी लाभार्थियों को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी है।



पुरस्कार के साथ पशुपालक किसान।

### चोरों ने घर से नकदी समेत लाखों का माल किया पार

**श्रावस्ती, अमृत विचा।** चोर एक घर को निशाना बनाते हुए अंदर घुस गए। जहां कमरे में लगे तालों को काट दिया। इसके बाद नकदी व सोने जांची के जेवर समेत लाखों का माल पार कर दिया। भिनगा कोतवाली क्षेत्र के भिनगा स्थित मोहल्ला नई बाजार निवासी पंकज कुमार श्रीवास्तव रविवार को परिवार समेत शादी समारोह में शामिल होने बहराइच गए थे। घर पर कोई नहीं था और ताला लगा था। देर शाम को चोर घर के पीछे का दरवाजा तोड़कर अंदर घुस गए और तीन कमरों में लगा ताला तोड़ दिया। साथ ही एक कमरे में रखी अलमारी का लाकर तोड़ दिया। इसके बाद छह हजार नकदी, सोने की चेन, सोने की अंगूठी, छह जोड़ी चांदी की पायल, एक जोड़ी चांदी की पायजेब समेत लाखों का सामान समेट कर फरार हो गए। देर रात करीब 12 बजे पंकज जब वापस घर लौटे तो पीछे का दरवाजा टूटा व कमरों में सामान बिखरा मिला। तब उन्हें चोरी की जानकारी हुई। भिनगा कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक राज प्रकाश सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। जांच की जा रही है। जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

# संजय सेतु की मरम्मत में देरी पर उठ रहे सवाल

जरवलरोड (बहराइच)



संजय सेतु का टूटा सस्पेंशन ज्वाइंट।

**अमृत विचार।** क्षेत्र की जीवनरेखा माने जाने वाले संजय सेतु घाघराघाट पुल की जर्जर होती स्थिति को लेकर अब गंभीर सवाल उठने लगे हैं। यद्यपि *पुल के आधार स्तंभ मजबूत बताए जा रहे हैं, किंतु ऊपरी ढांचा और सड़क सतह कई स्थानों पर कमजोर पड़ चुकी है। आधा दर्जन से अधिक स्थानों पर सस्पेंशन ज्वाइंट क्षतिग्रस्त होने के कारण वाहनों के गुजरते समय *तीव्र कंपन और असामान्य ध्वनि स्पष्ट रूप से महसूस की जा रही है*, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों में भय का वातावरण बना हुआ है।

लखनऊ से गोंडा और बहराइच को जोड़ने वाला यह मार्ग न केवल स्थानीय आवागमन बल्कि व्यापारिक गतिविधियों के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। प्रतिदिन भारी संख्या में छोटे-बड़े वाहन, बसें और मालवाहक ट्रक इस पुल से गुजरते हैं। ऐसे में मरम्मत कार्य में हो रही देरी आमजन की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ा रही है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पुल की वर्तमान स्थिति को देखते हुए नियमित तकनीकी परीक्षण और तत्काल मरम्मत आवश्यक है। प्रशासनिक स्तर पर निर्णय प्रक्रिया की धीमी गति और विभागीय समन्वय की कमी पर भी प्रश्नचिह्न लग रहे हैं। यदि समय रहते ठोस और पारदर्शी निर्णय नहीं लिए गए, तो किसी बड़ी दुर्घटना की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता।

जनहित को प्राथमिकता देते हुए आवश्यक है कि संबंधित विभाग शीघ्र व्यापक तकनीकी जांच, यातायात नियंत्रण व्यवस्था तथा सुदृढ़ीकरण कार्य प्रारंभ करे, ताकि इस महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग की सुरक्षा और विश्वसनीयता बनी रहे।

# सड़क निर्माण में अनियमितता का आरोप

रूपईडीहा (बहराइच)

समस्या



मार्ग निर्माण में प्रयोग की जाने वाली गुणवत्ता विहीन ईंटे। अमृत विचार

**अमृत विचार।** जनपद के विकास खंड नवाबगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत रंजीतबोझा में जिला पंचायत निधि से कराए जा रहे खंड़जा सड़क निर्माण कार्य में अनियमितताओं के आरोप सामने आए हैं। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठाते हुए संबंधित अधिकारियों से मौके पर जांच कराए जाने की मांग की है।

ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण में मानकों का पालन नहीं किया जा रहा है। सड़क पर पीली ईंटों का प्रयोग किया जा रहा है, जिसकी गुणवत्ता संदिग्ध बताई जा रही है। इसके अलावा, सड़क निर्माण से पहले आवश्यक रूप से मिट्टी डालकर समुचित समतलीकरण (लेवलिंग) कराने के बजाय केवल ट्रैक्टर से जुताई कराकर ही ईंटें बिछाई जा रही हैं। इससे सड़क की मजबूती और टिकाऊपन पर प्रश्नचिह्न लग रहा है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि इसी तरह लापरवाहीपूर्ण ढंग से निर्माण कार्य कराया गया तो बरसात के मौसम में सड़क धंसने की आशंका बनी रहेगी, जिससे सरकारी धन का दुरुपयोग भी होगा और ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ेगी। ग्रामीणों ने संबंधित विभागीय अधिकारियों से निर्माण स्थल का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित कराने तथा दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि जिला पंचायत निधि से कराए जा रहे विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

### बदहाल रास्ता भक्तों की राह में बना रोड़ा

**मल्हीपुर( श्रावस्ती), अमृत विचार :** ग्राम कोट मुबारकपुर के मजरा सगरा पुरवा स्थित दुर्गा मंदिर प्रमुख आस्था का केंद्र है। यहां माता रानी के दरबार में मत्था टेकने सैकड़ों लोग पहुंचते है। मंदिर जाने वाला मार्ग बदहाल होने के कारण लोगों को दुश्वारी झेलनी पड़ती है। सगरा पुरवा स्थित दुर्गा मंदिर की महिमा दूर-दूर तक फैली है। भक्तों का अटूट विश्वास है कि मां दुर्गा का यह दरबार चमत्कारिक है, जहाँ सच्चे मन से मांगी गई हर मुराद पूरी होती है। मंदिर की पुजारी ने बताया कि यहां दूर-दराज से भक्त आते है। मंदिर तक पहुँचने वाली बदहाल सड़क विकास के दावों की पोल खोल रही है। राह में गहरे गड्ढे और कीचड़ श्रद्धालुओं के लिए भारी मुसीबत बने हुए हैं। इस सड़क की दयनीय स्थिति का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि मंदिर के पूर्व पुजारी अयोध्या प्रसाद पाठक ने इसी रास्ते के सुधार की मांग को लेकर तहसील इकौना में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन इसी संघर्ष के दौरान मार्ग दुर्घटना में उनका निधन हो गया।

# होलिका दहन स्थल का ईओ ने लिया जायजा

संवाददाता, श्रावस्ती



होलिका माता मंदिर में तैयारियों का जायजा लेतीं ईओ डॉ. अनीता शुक्ला।

**अमृत विचार।** रंगो के महापर्व की तैयारी अंतिम चरण में है। ऐसे में नगरीय क्षेत्र में कही कोई कमी न रहे। इसके लिए सोमवार को ईओ डॉ अनीता शुक्ला ने होलिका दहन स्थल का निरीक्षण कर कमियों को दूर करने का निर्देश दिया।

भिनगा नगर के मोहल्ला सातीचौरा स्थित होलिका माता मंदिर में होलिका दहन की तैयारी पूरी की जा रही है। नगर पालिका परिषद भिनगा की ओर से मंदिर परिसर की सफाई कराने के साथ ही मंदिर को जाने वाले सभी मार्गों की भी सफाई कराई जा रही है। ताकि यहां आने वाले होलियारों को कोई असुविधा न हो। ऐसे में कही कोई कमी न रहे। इसके लिए सोमवार को ईओ डॉ अनीता शुक्ला ने मातहतों के साथ मंदिर पहुंच कर तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने स्थानीय लोगों से मिलकर मंदिर जाने वाले मार्ग पर लगी हाईमास्ट व स्ट्रीट लाइटों के बारे में भी जानकारी ली। साथ ही मौके पर मौजूद वरिष्ट लिपिक मुश्ताक खां को होलिका माता मंदिर की तरफ आने वाले सभी मार्ग के किनारे सफाई कर्मियों की टीम बनाकर नाली व सड़क की सफाई कराने, खराब लाइटों को तत्काल बदलवाने, मंदिर सहित उसके आसपास नियमित सफाई कराने का निर्देश दिया। ईओ ने बताया कि सभी जगह पानी, प्रकाश और सफाई का निर्देश दिया जा चुका है। यदि कही कोई कमी है तो समय रहते उसे दुरुस्त कराया जाएगा।

# सर्राफा की दुकान में हुई चोरी के दो आरोपित गिरफ्तार

कैसरगंज (बहराइच)

**अमृत विचार।** थाना कैसरगंज पुलिस टीम ने सर्राफा दुकान में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार 11/12 फरवरी 2026 की रात्रि में सेन्टर चौराहा स्थित एक ज्वैलर्स की दुकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर आभूषण चोरी कर ले गए थे। वादी पंकज सोनी निवासी पुरैनी चौराहा, थाना हुजूरपुर की तहरीर पर थाना कैसरगंज में मु0अ0सं0 38/2026 धारा 305(ए) बीएनएस के अंतर्गत मुकदमा पंजीकृत किया गया। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक संजीत कुमार सिंह को सौंपी गई।

घटना के अनावरण हेतु गठित पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर 22 फरवरी 2026 को बदरौली से चौहानपुरवा मोड़ जाने वाले मार्ग पर दबिश देकर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान नन्द कुमार उर्फ नन्दकिशोर 55 वर्ष निवासी पिपरहापुरवा बदरौली, थाना कैसरगंज तथा हसरत दीन निवासी बम्भननपुरवा मौजा गोड़हिया नं, थाना कैसरगंज के रूप में हुई है। पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से चोरी गए आभूषणों को बरामद कर लिया है।

कार्यक्रम

बजट को लेकर आयोजित विधानसभा चौपाल को विधायक राम फेरन पांडेय ने संबोधित किया

# युवा, गरीब, शोषित व वंचित समुदायों को समर्पित है बजट

संवाददाता, श्रावस्ती




बजट के बारे में जानकारी देते श्रावस्ती विधायक राम फेरन पाण्डेय। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भाजपा की ओर से मोदी सरकार के नेतृत्व में देश की संसद में प्रस्तुत बजट को लेकर विधानसभा चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। इसी के क्रम में सोमवार को इकौना ब्लॉक सभागार में श्रावस्ती विधानसभा के चौपाल का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में विधायक श्रावस्ती राम फेरन पांडेय व विशिष्ट अतिथि के रूप में जिलाध्यक्ष डॉ. मिश्रीलाल वर्मा मौजूद रहे।

श्रावस्ती विधानसभा की चौपाल श्रावस्ती विधायक ने कहा कि युवा शक्ति संचालित बजट गरीब, शोषित व वंचित समुदायों पर विशेष ध्यान के सरकार के संकल्प पर जोर देता है। बजट में सरकार के तीन कर्तव्य निहित है। पहला कर्तव्य है कि उत्पादकता और प्रतिस्पर्धा को बढ़ाते हुए तथा उथल-पुथल भरी वैश्विक स्थिति के प्रति सहनीयता का निर्माण करके आर्थिक वृद्धि को तेज करना तथा इसे बनाए रखना। दूसरा कर्तव्य है कि लोगों की आकांक्षाओं को पूरा करना और उनके क्षमता का निर्माण करना; भारत की समृद्धि के मार्ग में उन्हें मजबूत भागीदार बनाना और तीसरा कर्तव्य सबका साथ-सबका विकास के विज़न से जुड़ा है। यह सुनिश्चित करेगा कि प्रत्येक परिवार, समुदाय, क्षेत्र के पास संसाधनों, सुविधाओं तथा सार्थक भागीदारी के लिए अवसरों तक पहुंच की सुविधा हो। जिलाध्यक्ष ने कहाकि 2025 के स्वतंत्रता दिवस पर प्रधानमंत्री की घोषणा के बाद 350 से ज्यादा सुधारों की शुरूआत की गई है। इनमें जीएसटी सरलीकरण, श्रम संहिताओं की अधिसूचना, अनिवार्य गुणवत्ता नियंत्रण आदेशों का युक्तिकरण शामिल है।

उन्होंने बताया कि उच्च स्तरीय समितियां गठित की गई है और इसके साथ नियम समाप्त करने तथा अनिपालन जरूरतों को कम करने के लिए केन्द्र सरकार राज्यों के साथ मिलकर काम कर रही है। विधानसभा सम्मेलन में बड़ी संख्या में विधानसभा क्षेत्र के उद्यमी, युवा, महिला, किसान और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन आज

**बहराइच।** सीडीओ मुकेश चन्द्र ने बताया कि 24 फरवरी को नवीन गल्ला मण्डी परिसर मिहींपुरवा में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में मा. जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति में 600 जोड़ों का सामूहिक विवाह सम्पन्न होगा। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए उप जिलाधिकारी मिहींपुरवा (मोतीपुर) व परियोजना निदेशक, ग्राम्य विकास अभिकरण को ओवर आल प्रभारी नामित किया गया है। बताया कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान सुरक्षा, यातायात, पार्किंग, मंच, कार्यक्रम स्थल पर वर-वधू को लाने, विवाह सम्पन्न कराने, वैवाहिक सामग्री के वितरण को लेकर जिम्मेदारी सौंपी गई है।

